बुधवार

13 अगस्त 2025

● देहरादून
● वर्ष 33
● अंक 188
● पृष्ठ 8
● मूल्य ₹ 1.00

33 साल से देहरादून का विश्वास

# दून वैली मेल

सांध्य दैनिक

आर.एन.आई. : 59626/94

email: doonvalley_news@yahoo.com Website: dunvalleymail.com

डीएवीपी से मान्यता प्राप्त

# हर्षिल व धराली पर वाटर बम का खतरा




**❑मलवे में जीवन की तलाश कठिन चुनौती**

**❑हर्षिल में बनी झील ने लोगों की नींद उड़ाई**

**❑खीर गंगा व भागीरथी का जलस्तर बढ़ा**

**❑अधिक बारिश से बढ़ सकती है मुश्किलें**

विशेष संवाददाता

उत्तरकाशी। बीते 5 अगस्त को हर्षिल और धराली में आई आपदा ने लोगों से उनका सब कुछ छीन लिया। पीड़ितों के आंसू अभी थमने का नाम नहीं ले रहे हैं लापता 69 लोगों के परिजनों की उम्मीदें समय के साथ दम तोड़ती दिख रही हैं। भले ही हर्षिल और धराली में अभी मलवे और पत्थरों में लापता लोगों की तलाश जारी है लेकिन खीर गंगा में जलस्तर बढ़ने से यह तलाश और मुश्किल होती जा रही है।

उधर हर्षिल में आपदा के बाद बनी 1200 मीटर लंबी झील के टूटने का खतरा लोगों के सर मंडरा रहा है एसडीआरएफ की टीमें द्वारा लाउडस्पीकर से मुंनादी की जा रही है कि लोग सतर्क रहें। झील में जमा इस पानी से हर्षिल के अस्तित्व को भारी खतरा बना हुआ है मौसम विभाग द्वारा 13-14 अगस्त के लिए जो भारी बारिश की चेतावनी जारी की गई है अगर इस क्षेत्र में बारिश होती है और झील का जलस्तर जो लगातार बढ़ रहा है और अधिक बढ़ता है तो इस झील का पानी हर्षिल में भारी तबाही मचा सकता है क्योंकि हर्षिल भागीरथी नदी के सीधे टक्कर के मुहाने पर बसा हुआ है। फिलहाल नदी जलस्तर आवासीय भवनों को लगभग छूकर गुजर रहा है। इस गंभीर खतरे के कारण लोग रात जागकर गुजार रहे हैं।

उधर धराली में खीर गंगा का जलस्तर बढ़ता जा रहा था तथा यह पानी उसी मलबे से होकर गुजर रहा है जहां 69 लोगों की मलबे में तलाश की जा रही है। खराब मौसम के बीच भी यह तलाशी अभियान चलाया जरूर जा रहा है लेकिन अभी तक इसमें कोई सफलता नहीं मिल सकी है। मुखवा और धराली को जोड़ने वाला झूला पुल भी खतरे की जद में आ चुका है। अब अगर भागीरथी का जलस्तर और बढ़ता है तो फिर गंगोत्री जाने के रास्ते पूरी तरह बंद हो जाएंगे हालांकि इस पुल से आगे गंगोत्री मार्ग का एक बड़ा हिस्सा पहले ही नदी में समा चुका है और अब इस क्षेत्र में पूरी तरह से सन्नाटा पसरा हुआ है। मौसम विभाग द्वारा आधे उत्तराखंड में भारी से भी भारी बारिश की संभावना के मद्दे नजर रेड अलर्ट तथा आधे प्रदेश में ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है तथा राज्य के सभी स्कूलों-कॉलेजों को 14 अगस्त तक बंद रखा गया है और लोगों से नदी नाले से दूर रहने की अपील की गई है।

दून वैली मेल

## संपादकीय

# सवाल लोकतंत्र के अस्तित्व का

क्या सत्ता और चुनाव आयोग ने आपसी सांठ-गांठ से देश के लोगों से उनके वोट के संवैधानिक अधिकार का अपहरण कर लिया गया और देश में इस आपराधिक षड्यंत्र को संगठित तरीके से अंजाम देने के लिए कोई बड़ा नेटवर्क तैयार किया जा चुका है, वर्तमान समय में वोट चोरी और एसआईआर को लेकर जो आंदोलन खड़ा हो चुका है वह तो इन्हीं संभावनाओं की ओर इशारा करता दिख रहा है। यह संभावनाएं बेवजह सर उठाये नहीं खड़ी हुई है। केंद्र सरकार द्वारा आयुक्तों की नियुक्तियों में नियमों को बदले जाने से लेकर नेता विपक्ष द्वारा कर्नाटक की एक ही विधानसभा क्षेत्र में एक लाख से अधिक फर्जी मतदाताओं का नाम दर्ज होने के खुलासे और एनसीपी नेता शरद पवार द्वारा उन्हें चुनाव जिताने का प्रस्ताव लेकर कुछ लोगों के संपर्क करने के दावे और चुनाव आयोग के उस रवैये जिसमें वह कोई जानकारी देने के लिए सुप्रीम कोर्ट तक से साफ इनकार कर रहा है, उससे तो यही लगता है कि देश में अब निष्पक्षता से चुनाव नहीं हो रहे हैं। विपक्ष द्वारा इस मुद्दे को लेकर सवाल चुनाव आयोग पर उठाये जा रहे हैं लेकिन चुनाव आयोग की तरफ से बचाव के लिए सरकार और उसका मीडिया सेल जिस तरह से मैदान में उतर चुका है वह इस षड्यंत्र की संभावनाओं को और भी अधिक मजबूत करता है। विपक्ष अगर मतदाता सूचियों में भारी गड़बड़ी के सबूत उजागर कर रहा है और वह उसमें संशोधन की मांग कर रहा है तो इसमें चुनाव आयोग को कोई आपत्ति नहीं होनी चाहिए। वही बिहार में कराये जा रहे एसआईआर जिसमें 65 लाख वोटरों को वोट के अधिकार से बाहर किया गया है तो उनकी सूची जारी करने और मतदाताओं को इसकी वजह बताए जाने में भी चुनाव आयोग को क्या आपत्ति होनी चाहिए यह किसी की भी समझ से परे है। यह जानने का अधिकार हर एक नागरिक को है और यह अधिकार उन्हें देश का संविधान ही देता है। सच यह है कि इस अति गंभीर मुद्दे पर अब आयोग और सरकार लाख कोशिश कर ले अगर देश की जनता सड़कों पर उतरी तो उससे इस अधिकार को कोई नहीं छीन सकता है। इसे छीनने का सिर्फ एक मात्र जरिया अब तानाशाही ही शेष बचा है। जिसमें कोई संविधान मायने नहीं रखता है और न लोकतंत्र। लेकिन भारत के लोकतंत्र की जड़ कितनी मजबूत है यह हम 1970 के दशक में आपातकाल के समय देख चुके हैं। सत्ता पक्ष और विपक्ष सभी दलों के नेता यह बात को अच्छी तरह से जानते हैं। यह मुद्दा अब एक ऐसा मुद्दा बन चुका है इस पर आर पार का एक ऐसा निर्णायक आंदोलन छिड़ चुका है कि बिना फैसले के यह राजनीतिक जंग समाप्त नहीं होने वाली है। संविधान निर्माता और लोकतंत्र की परिकल्पना से देश का शासन प्रशासन चलाने वालों ने शायद कभी ऐसी विकट परिस्थितियों के बारे में सोचा भी नहीं होगा कि देश के नेता संविधान और लोकतांत्रिक मूल्यों को एक दिन इस हद तक तार तार कर देंगे कि आम आदमी लोकतंत्र और निर्वाचन आयोग जैसी संवैधानिक संस्थाओं की विश्वसनीयता को इस तरह समाप्त कर देंगे। इतिहास भी ऐसे नेताओं को कभी माफ नहीं करेगा रही बात लोकतंत्र की तो इन नेताओं को यह अच्छे से समझ लेना चाहिए कि जीतेगा लोकतंत्र ही।

# स्वतंत्रता दिवस परेड की फुल ड्रेस रिहर्सल का एसएसपी ने किया निरीक्षण

संवाददाता

देहरादून। स्वतंत्रता दिवस परेड की फुल ड्रेस रिहर्सल का एसएसपी अजय सिंह ने निरीक्षण कर अधिकारियों को जरूरी दिशा निर्देश दिये।

आज यहां वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अजय सिंह द्वारा आगामी 79 वें स्वतन्त्रता दिवस के अवसर पर परेड ग्राउंड पर आयोजित होने वाली रैतिक परेड की फुल ड्रेस रिहर्सल का निरीक्षण किया गया, तत्पश्चात सुरक्षा व्यवस्था के सम्बन्ध में अधीनस्थ अधिकारियो को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। स्वतन्त्रता दिवस के अवसर पर मुख्य समारोह स्थल परेड ग्राउंड पर आयोजित मुख्य कार्यक्रम के दृष्टिगत एसएसपी द्वारा उपस्थित अधिकारियों को अन्य सम्बंधित विभागों से समन्वय स्थापित कर समय से सारी



व्यवस्थाये पूर्ण करने के निर्देश दिये गए, साथ ही कार्यक्रम में विशिष्ट अथितियों एवं महानुभावों के सम्मलित होने के दृष्टिगत सुरक्षा के समुचित प्रबंध सुनिश्चित करने तथा समारोह में आने वाले अथितियों तथा अन्य व्यक्तियो के वाहनों की पार्किंग पूर्व में चिन्हित किये गए पार्किंग स्थलों में ही कराने के निर्देश दिए गए। इस वर्ष स्वतन्त्रता दिवस की परेड में 10 प्लाटूनो द्वारा प्रतिभाग किया जा रहा है, जिसमें 01 प्लाटून देहरादून पुलिस, 01 प्लाटून आईटीबीपी, 01 प्लाटून सीआरपीएफ, 01 प्लाटून हरियाणा पुलिस, 02 प्लाटून 40 वी वाहिनी पीएसी, 01 प्लाटून महिला 40 वी वाहिनी पीएसी, 01 प्लाटून पीआरडी, 01 प्लाटून होमगार्ड तथा 01 प्लाटून एनसीसी बॉयज शामिल है।

# एसटीएफ की कार्यवाहीः दो करोड की ठगी के साईबर ठग को तिहाड जेल से लाये बी-वारंट पर

संवाददाता

देहरादून। ऑन लाईन गेम के नाम पर दो करोड की ठगी करने वाले साइबर ठग को एसटीएफ तिहाड जेल से बी-वारंट पर लेकर दून लायी।

आज यहां वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, एसटीएफ, नवनीत सिंह द्वारा जानकारी देते हुये बताया कि एसटीएफ द्वारा साईबर अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे आप्रेशन प्रहार के क्रम में देहरादून निवासी को ऑनलाईन ट्रेडिंग करने के नाम पर अधिक लाभ कमाने का झांसा देते हुये अज्ञात साइबर फ्रॉड द्वारा शिकायतकर्ता को फाइनेंस गेम डब्लू-1 नामक व्हाटसएप ग्रुप में जोडकर एवं शेयर मार्केट के सम्बध मे जानकारी देकर लिंक भेजकर व अपने आप को वीयाका वेवसाईट का कर्मचारी बताया एवम् एक अन्य ग्रुप ईजी-जूनियर ग्रुप वी-1 में जोडकर क्रिप्टो करेंसी में निवेश कर अधिक लाभ कमाने का प्रलोभन देकर भिन्न भिन्न लेन देन के माध्यम से साइबर धोखाधडी कर विभिन्न बैंक खातो में करीब 2 करोड 67 लाख 20 हजार



रुपये जमा करवाकर धोखाधडी की गयी। प्रकरण की गम्भीरता के दृष्टिगत वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, एसटीएफ के दिशा निर्देशन में मामले का प्रवेक्षण अपर पुलिस अधीक्षक स्वप्न किशोर, पुलिस उपाधीक्षक, अंकुश मिश्रा एवं विवेचना निरीक्षक देवेंद्र नवियाल साईबर क्राईम पुलिस स्टेशन, देहरादून के सुपुर्द कर मुकदमें के शीघ्र खुलासे हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये। साईबर क्राईम पुलिस द्वारा घटना में प्रयुक्त, बैंक खातों/ रजिस्टर्ड मोबाइल नम्बरों / व्हाट्सअप की जानकारी हेतु सम्बन्धित सर्विस प्रदाता ऑनलाइन प्लेटफॉर्म, बैंकों, सर्विस प्रदाता कम्पनियों, मेटा कम्पनी से पत्राचाकर कर डेटा प्राप्त किया गया। प्राप्त डेटा के विश्लेषण से जानकारी मे आया कि साईबर अपराधियो द्वारा घटना में ग्रुप में जोड़कर, बाद में अन्य ग्रुप्स के माध्यम से अज्ञात व्यक्तियों ने क्रिप्टो निवेश के लिए प्रेरित कर पीड़ित से लाभ कमाने के नाम पर विभिन्न बैंक खातों में धनराशि स्थानान्तरित करवायी गयी। जांच के दौरान साईबर थाना पुलिस टीम द्वारा मुकदमें में प्रकाश मे आये बैंक खातों तथा मोबाइल नम्बरों का सत्यापन किया गया। पुलिस टीम द्वारा तकनीकी / डिजिटल साक्ष्य एकत्र कर घटना के बैक के लाभार्थी खाताधारक मनदीप सरकार पुत्र पुलिन बिहारी स्थायी निवासी गांव बाबनपुर, डाकघर बंगाल इनामेल, जिला 24 परगना, पश्चिम बंगाल को चिन्हित करते हुये आरोपी की तलाश जारी की। साईबर टीम द्वारा के अन्तर्गत प्रकाश में आये मनदीप सरकार पुत्र पुलिन बिहारी जिसके सम्बन्ध में आईसीजेएस पोर्टल पर चैक किया गया तो आईसीजेएस

▶▶ शेष पृष्ठ 7 पर

# बरसात में बाधित सड़कों को प्राथमिकता के साथ खोलेंः जोशी

संवाददाता

देहरादून। ग्राम विकास मंत्री गणेश जोशी ने प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अंतर्गत बरसात से बाधित सड़कों को प्राथमिकता के साथ खोलने के लिए अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए हैं।

आज यहां ग्राम्य विकास मंत्री गणेश जोशी ने प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना (पीएमजीएसवाई) के अंतर्गत बरसात से बाधित सड़कों को प्राथमिकता के साथ खोलने के लिए अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए हैं। हाथीबड़कल स्थित कैंप कार्यालय में यूआरआरडीए की समीक्षा बैठक में मंत्री गणेश जोशी ने पीएमजीएसवाई के अंतर्गत बरसात से हुई क्षति और बंद सड़कों की स्थिति की विस्तार से जानकारी ली। बैठक में मंत्री जोशी ने कहा कि बरसात के कारण बंद हुई सड़कों को प्राथमिकता के आधार पर युद्धस्तर पर खोला जाए।

उन्होंने बरसात से क्षतिग्रस्त हुए सड़क मार्गों एवं पुलों के पुनर्निर्माण के कार्यों को शीघ्रता से पूर्ण किया जाए। विभागीय मंत्री जोशी ने निर्देश दिए कि अधिग्रहित भूमि का मुआवजा ग्रामीणों को मौसम खुलते ही शिविर लगाकर शीघ्रता से वितरित किया जाए और मलबा निस्तारण के लिए उचित स्थानों पर डंपिंग यार्ड की व्यवस्था की जाए, ताकि सड़कों की बहाली के साथ पर्यावरणीय संतुलन भी बना रहे। बैठक में अधिकारियों ने जानकारी दी कि भारी वर्षा के कारण गढ़वाल क्षेत्र में 106 सड़कें बंद हुई हैं, जिन पर 92 जेसीबी मशीनें लगाई गई हैं, जबकि कुमाऊं क्षेत्र में बंद 30 सड़कों को खोलने के लिए 32 जेसीबी कार्यरत हैं। पूरे प्रदेश में इस समय कुल 136 सड़कें बंद हैं, जिन्हें युद्धस्तर पर खोलने का कार्य जारी है। बैठक के दौरान मंत्री जोशी ने कर्णप्रयाग विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत पीएमजीएसवाई की सड़कों, पुलों और अप्रोच रोड से जुड़े निर्माण कार्यों को भी समयबद्ध तरीके से पूरा करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर मुख्य अभियंता गढ़वाल मनीष मित्तल, अधिक्षण अभियंता अरुण कुमार, अधिशासी अभियंता रघुवीर सिंह गुसाई सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# आपदा राहत सामग्री की भी हो रही बंदरबांटः मोर्चा

संवाददाता

देहरादून। उत्तराखण्ड स्वाभिमान मोर्चा ने आरोप लगाया कि उत्तरकाशी में आयी आपदा के बाद आपदा राहत सामग्री की भी बंदरबांट हो रही है।

आज यहां परेड ग्राउंड स्थित एक क्लब में पत्रकारों से वार्ता करते हुए उत्तराखंड स्वाभिमान मोर्चा ने धराली (उत्तरकाशी) की दैवीय आपदा पर सरकार की नाकामियों और सच छुपाने की कोशिशों का पर्दाफाश किया। उन्होंने कहा कि भटवाड़ी ब्लॉक के धराली में आई विनाशकारी आपदा के बाद, मोर्चे के प्रदेश अध्यक्ष बॉबी पंवार, उपाध्यक्ष त्रिभुवन चौहान और सैनिक प्रकोष्ठ के अध्यक्ष कर्नल कैलाश देवरानी सहित मोर्चा की टीम ने पैदल कई किलोमीटर का सफर तय कर प्रभावित क्षेत्र तक पहुंचने में सफलता पाई। धराली तक पहुंचने वाले सड़क मार्ग बारिश में बह गए थे और बचे-खुचे रास्तों को भी



शासन-प्रशासन ने बंद करवा दिया था। वास्तविक स्थिति यह थी कि धराली में हालात 'गाड़ी पटरी पर' नहीं बल्कि जीवन अस्त-व्यस्त थे, जबकि मीडिया में सरकार द्वारा यह गलत तस्वीर पेश की गई कि सब सामान्य है। चौंकाने वाली बात यह रही कि इस आपदा कवरेज में क्षेत्रीय पत्रकारों को धराली से दूर रखा गया, ताकि सच्चाई जनता तक न पहुंचे। राष्ट्रीय मीडिया को विशेष सुविधाएं, यहां तक कि चॉपर की व्यवस्था दी गई, लेकिन क्षेत्रीय मुद्दों को उठाने वाले पत्रकारों को रोका गया। लोगों के घर मलबे में तब्दील हो गए, जीवन बिखर गया, और सरकार शुरुवाती दौर में मात्र 5000 की राहत राशि लेकर पहुंची। स्वाभिमान मोर्चा द्वारा किए गए विरोध के बाद राशि को बढ़ाया गया। वहीं नेताओं ने हवाई सर्वेक्षण किया, कैमरों में तस्वीरें खिंचवाई, और लौट गए, धरातल पर स्थिति देखने का साहस किसी ने नहीं किया।

उत्तराखंड स्वाभिमान मोर्चा का कहना

▶▶ शेष पृष्ठ 7 पर

# भारतीय यंग ब्रिगेड से सभी हतप्रभ

मनोज चतुर्वेदी

इंग्लैंड का यह समर बेहतरीन टेस्ट क्रिकेट और एक उम्दा टेस्ट कप्तान के तौर पर उभरने के लिए याद किया जाएगा। एंडरसन-तेंदुलकर सीरीज के आखिरी दो टेस्ट बाकी रहने पर भारतीय टीम 1-2 से पीछे थी, और चौथे मैनचेस्टर टेस्ट में इंग्लैंड के पहली पारी में 311 की बढ़त बनाने पर किसने सोचा था कि भारतीय यंग ब्रिगेड सीरीज ड्रा कराकर लौटेगी। पर शुभमन गिल और गौतम गंभीर की इस टीम ने मैनचेस्टर टेस्ट ड्रा ही नहीं कराया, बल्कि ओवल टेस्ट तमाम विपरीत हालात में भी जीत कर सीरीज बराबर करा कर सभी को हतप्रभ कर दिया। इस सीरीज में गिल एक ऐसे कप्तान के तौर पर उभरे हैं, जिनसे आने वाले समय में बहुत उम्मीदें लगाई जानी हैं।

इस यंग ब्रिगेड ने दिग्गजों की अनुपस्थिति में बल्लेबाजी ही नहीं, गेंदबाजी में भी ऐसे कारनामे किए हैं, जिनकी चर्चा आने वाले तमाम सालों तक चलनी है। कप्तान गिल ने अपने आलोचकों को धता बताते हुए सीरीज में सबसे ज्यादा 754 रन बनाए जिनमें एक दोहरा और तीन शतक शामिल रहे। भारत ने एक सीरीज में सबसे ज्यादा शतक लगाने के ऑस्ट्रेलिया और पाकिस्तान के 12-12 शतक के रिकॉर्ड की बराबरी करके दिखाया है कि आने वाले दिन उनके ही रहने वाले हैं। ऑस्ट्रेलिया ने 1955 में वेस्ट इंडीज के खिलाफ और पाकिस्तान ने 1982-83 में भारत के ही खिलाफ ये शतक जमाए थे।

इस पूरी सीरीज में 21 शतक लगे और टेस्ट क्रिकेट में नई जान डालने वाली साबित हुई है यह सीरीज। भारतीय कप्तान शुभमन गिल करीब डेढ़ माह पहले इस नई जिम्मेदारी के साथ इंग्लैंड दौरे पर गए थे, तब दिग्गज खिलाड़ियों की अनुपस्थिति की ज्यादा चर्चाएं चल रही थीं। गिल की यह यंग साइड कैसा खेलेगी का किसी को भी अंदाजा नहीं था पर इस यंग ब्रिगेड ने जिस अंदाज में बेहतरीन प्रदर्शन करके सीरीज को बराबर कराया और आखिरी टेस्ट में इंग्लैंड के जबड़े से जीत को निकाल कर उन्हें हराया, उससे यंग टीम का डीएनए तो पता चलता है। यह सही है कि भारत यदि आखिरी टेस्ट हार कर सीरीज हार जाता तो इस युवा टीम के साथ कोच गौतम गंभीर को भी आलोचनाओं का शिकार होना पड़ता।



लेकिन मोहम्मद सिराज के दिलेरी भरे प्रदर्शन ने इस टीम को हीरो बना दिया है। भारतीय गेंदबाजों ने चौथे दिन हाथ से निकलते टेस्ट के आखिरी समय में अपनी बेहतरीन गेंदबाजी से भारत की वापसी करा कर जो माहौल बनाया था, उसकी वजह से ही इंग्लैंड के चार विकेट रहते सिर्फ 35 रन जीत से दूर रहने पर भी भारतीय खेमे में जीत की उम्मीदें बन गई थीं। पर आखिरी दिन का खेल शुरू होने पर प्रसिद्ध कृष्णा ने अपने बाकी ओवर की चार गेंदों पर दो चौके खाए तो लगा कि मैच हाथ से निकलने वाला है।

इस हताशा को सिराज ने अगले ओवर में स्मिथ को विकेट के पीछे कैच करा कर एक बार फिर उम्मीदों में बदल दिया। इसके बाद जिस अंपायर के बारे में माना जा रहा था कि उसके फैसले भारत के खिलाफ जा रहे हैं, उसके फैसले ने ही भारतीय उम्मीदों को नई ऊंचाइयां दीं। ओवर्टन सिर्फ अंपायर कॉल की वजह से ही एलबीडब्ल्यू हुए क्योंकि सिराज की गेंद विकेट को बस छूती हुई ही जा रही थी। हम सभी जानते हैं कि चौथे दिन हैरी ब्रूक के सिराज का कैच पकड़ कर सीमा रेखा के पार चले जाने से ही मैच भारत के हाथ से निकलता दिखा था। पर इस खिलाड़ी ने जब एटकिंसन को बोल्ड करके भारत को छह रनों से जीत दिलाई, उसके साथ ही वह भारतीय जीत का हीरो बन गया।

मोहम्मद सिराज चौथे दिन हैरी ब्रूक का कैच छोड़ने की वजह से सो नहीं सके थे। इस कारण ने उन्होंने अगले दिन अल सुबह अपने मोबाइल के बॉल पेपर पर क्रिस्टियानो रोनाल्डो वाली बिलीव लिखी फोटो लगाई। साथ ही मन में ठान लिया कि देश के लिए टीम को हर हाल में जिताना है। उन्होंने इसी भावना वाला प्रदर्शन करके असंभव नजर आ रही जीत दिला कर दिखा दिया कि वह जो भी ठानते हैं, उसे कर दिखाने का उनमें माद्दा भी है। सिराज ने इस सीरीज में 23 विकेट निकाल कर इंग्लैंड के खिलाफ भारत के लिए सीरीज में सबसे ज्यादा विकेट लेने के बुमराह के रिकॉर्ड की बराबरी कर ली है। बुमराह ने 2021-22 की सीरीज में यह रिकॉर्ड बनाया था।

शुभमन गिल की यह कप्तान के रूप में पहली सीरीज थी और उन्होंने अपने प्रदर्शन से दिखाया कि आने वाला समय उनका ही है। वह इस सीरीज में तीन शतक और एक दोहरे शतक से सर्वाधिक 724 रन बनाने वाले बल्लेबाज बने।

इस सीरीज के दौरान उनके कुछ फैसलों की आलोचना हुई तो कुछ फैसले सराहे भी गए लेकिन इस दौरान उन्होंने जिस तरह से टीम का नेतृत्व किया और टीम में हार नहीं मानने का जज्बा बनाया उससे तो साफ है कि यह टीम रोहित और विराट के युग से बाहर निकलने में कामयाब हो गई है, और भारत को टेस्ट क्रिकेट में नई ऊंचाइयों पर पहुंचाने का माद्दा रखती है। भारतीय कोच गौतम गंभीर ने भारत के टेस्ट जीतने पर कहा, ..हम कुछ मैच जीतेंगे, कुछ मैच हारेंगे पर आत्मसमर्पण कभी नहीं करेंगे। शाबाश लड़को.. गौतम गंभीर के बयान से यह आसानी से समझा जा सकता है कि आने वाले दिनों में भारतीय टीम का रवैया क्या रहने वाला है।

# मलेशिया सिविल सेवा प्रशिक्षु अधिकारियों का दल पहुंचा हरिद्वार भ्रमण पर

## ❑प्रशिक्षु अधिकारियों का पुष्पगुच्छ एवं गंगाजल भेंटकर किया स्वागत



हमारे संवाददाता

हरिद्वार। मलेशिया सिविल सेवा के 33 प्रशिक्षु अधिकारियों का एक दल राष्ट्रीय सुशासन केंद्र भारत सरकार के ओर से डॉ. संजीव शर्मा कोर्स कॉर्डिनेटर/फेकल्टी मेम्बर ,डॉ बीएस बिष्ट कोऑर्डिनेटर एवं बृजेश बिष्ट ट्रेनिंग एसोसिएट के नेतृत्व में जिला मुख्यालय हरिद्वार पहुंचा, जहां विकास भवन में जिलाधिकारी मयूर दीक्षित, मुख्य विकास अधिकारी आकांक्षा कोण्डे एवं जिला प्रशासन के अधिकारियों द्वारा समस्त टीम को पुष्पगुच्छ एवं गंगाजल भेंटकर स्वागत किया गया।

विकास भवन में आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम में जिलाधिकारी मयूर दीक्षित ने सभी मलेशिया सिविल सेवा के प्रशिक्षु अधिकारियों का जनपद आगमन पर उनका स्वागत किया तथा मलेशिया सिविल सेवा में चयनित होने पर उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं दी तथा उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर जिलाधिकारी मयूर दीक्षित ने प्रशासनिक कार्यों दायित्वों,अधिकारों एवं शक्तियों के बारे में विस्तार से जानकारी उपलब्ध कराई गई इसके साथ ही केंद्र एवं राज्य सरकार की विभिन्न विभागों के माध्यम से संचालित जन कल्याणकारी योजनाओं के बारे में भी जानकारी उपलब्ध कराई गई साथ ही जिला प्रशासन की नवीन चुनौतियों आदि विषयों के साथ हरिद्वार शहर की सांस्कृतिक,धार्मिक व गंगा आरती, कुंभ मेला एवं कांवड यात्रा आदि के बारे में जानकारी उपलब्ध कराने के साथ ही भीड़ नियंत्रण एवं आपदा प्रबंधन की विभिन्न चुनौतियों, प्रशासनिक व्यवस्था एंव अवसंरचना, जिला प्रशासन की कार्यप्रणाली और बारीकियों के बारे में विस्तार से समझाया गया।

प्रशिक्षण कार्यशाला में मुख्य विकास अधिकारी आकांक्षा कोण्डे ने जनपद में केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा संचालित विकास योजनाओं को ग्राम स्तर तक पात्र लाभार्थियों तक पहुंचने के लिए किए जा रहे विकास कार्यों एवं डेवलेपमेंट के बारे ने विस्तार से जानकारी उपलब्ध कराई गई।

कार्यक्रम में एसपी जितेंद्र चौधरी द्वारा पुलिस व्यवस्था की कार्यप्रणाली, पुलिस संरचना एवं कानूनी व्यवस्थाओं, शान्ति एवं कानून व्यवस्था और कुंभ मेला, कांवड़ मेला एवं अन्य धार्मिक मेलो में भीड़ नियंत्रण के बारे में विस्तार से अवगत कराया गया। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी आरके सिंह, उप जिलाधिकारी जितेंद्र कुमार, परियोजना निर्देशक केएन तिवारी, जिला विकास अधिकारी वेद प्रकाश, जिला बाल विकास अधिकारी सुलेखा सहगल, आपदा प्रबंधन अधिकारी मीरा रावत, तहसीलदार सचिन कुमार , डिस्ट्रिक्ट मैनेजर अभिषेक चौहान सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

# लाडपुर चौक से 6 नंबर पुलिया तक चला स्वच्छता अभियान

संवाददाता

देहरादून। महापौर सौरभ थपलियाल व नगर आयुक्त नमामि बंसल ने लाडपुर चौक से छह नम्बर पुलिया तक स्वच्छता अभियान चलाया।

आज यहां नगर निगम देहरादून द्वारा एक भव्य और व्यापक स्वच्छता अभियान का आयोजन किया गया। यह अभियान लाडपुर चौक से प्रारम्भ होकर 6 नंबर पुलिया तक आयोजित किया गया, जिसमें मार्ग के दोनों ओर तथा समीपवर्ती वन क्षेत्रों की सफाई की गई। इस अवसर पर महापौर सौरभ थपलियाल एवं नगर आयुक्त नमामि बंसल (आईएएस) ने अभियान का शुभारम्भ किया और स्वयं भी सफाई कार्य में सहभागिता कर नागरिकों को स्वच्छता का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि स्वच्छता केवल एक दिन का कार्य नहीं, बल्कि एक सतत आदत और जिम्मेदारी है, जिसे प्रत्येक नागरिक को अपनाना चाहिए। यह स्वच्छता अभियान भारत सरकार के 'हर घर तिरंगा, हर घर स्वच्छता' अभियान के अंतर्गत आयोजित किया गया, जिसका उद्देश्य स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर देशभक्ति की भावना के साथ स्वच्छता के प्रति जनजागरूकता बढ़ाना है। अभियान में वार्ड पार्षद दिनेश, मुख्य नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अविनाश खन्ना, सहायक नगर आयुक्त राजबीर सिंह चौहान, मुख्य सफाई निरीक्षक एवं सफाई निरीक्षक, वेस्ट वारियर्स टीम, पी.एम.सी. टीम, एस.बी. एम. टीम, नगर निगम स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारी, स्वयंसेवक, सुपरवाइजर एवं सफाई कर्मचारी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे और सक्रिय योगदान दिया। कार्यक्रम के दौरान प्रतिभागियों ने सड़क किनारे फैले कचरे, प्लास्टिक अपशिष्ट, पत्तों और अन्य ठोस कचरे को एकत्र किया। सफाई कार्य केवल सड़क तक सीमित न रहकर समीपवर्ती वन क्षेत्र में भी किया गया, जहाँ पर्यावरण संरक्षण को ध्यान में रखते हुए सावधानीपूर्वक अपशिष्ट हटाया गया। इस संयुक्त प्रयास के परिणामस्वरूप लगभग 5 टन कूड़ा एकत्रित किया गया, जिसे उचित निस्तारण हेतु शिशमंबाड़ा प्रोसेसिंग प्लांट भेजा गया। यह उपलब्धि न केवल सफाई कर्मियों की मेहनत का प्रमाण है, बल्कि यह भी दर्शाती है कि सामूहिक प्रयास से बड़े पैमाने पर बदलाव लाया जा सकता है। नगर निगम देहरादून नागरिकों से अपील करता है कि वे अपने आसपास स्वच्छता बनाए रखें, खुले में कचरा न फैलाएँ, कचरे का पृथक्करण करें और नगर निगम के स्वच्छता प्रयासों में सक्रिय रूप से सहयोग दें।

# राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण ने मनाया अंतर्राष्ट्रीय युवा दिवस

संवाददाता

देहरादून। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने शिविर लगाकर अंतर्राष्ट्रीय युवा दिवस मनाया।

आज उत्तराखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण नैनीताल के दिशा निर्देशन में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा जिले में अलग अलग स्थानों पर अंतराष्ट्रीय युवा दिवस मनाया गया, जिसमें जिला विधिक सेवा प्राधिकरण देहरादून के समस्त प्राविधिक कार्यकर्ताओं द्वारा अलग-अलग स्थानों पर शिविर आयोजित किया गया।

इस दिवस को मनाने का मुख्य उद्देश्य युवाओं को सशक्त, शिक्षित और प्रेरित करना है, ताकि वे समाज के हर क्षेत्र चाहे शिक्षा, विज्ञान, खेल, राजनीति या सामाजिक सेवा हो, में अग्रणी भूमिका निभा सकें। आज का यह दिन हमे यह भी याद दिलाता है कि युवा केवल अधिकारों के हकदार ही नहीं, बल्कि जिम्मेदारियों के भी वाहक है। नशे से दूर रहना, समय का सदुपयोग करना, डिजिटल माध्यमों का सही इस्तेमाल करना, पर्यावरण की रक्षा करना, ये सब आज के युवाओं के लिये बेहद जरूरी है।

सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सीमा डुँगराकोटी द्वारा बताया गया कि यह अत्यंत गर्व की बात है कि आज अंतराष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर जिला न्यायाधीश, देहरादून प्रेम सिंह खिमाल अपने आवास से लेकर जिला न्यायालय भवन अपने स्टॉफ/ कर्मचारियों सहित पैदल मार्च कर पहुंचे। इसके अतिरिक्त कई न्यायिक अधिकारियों व न्यायालय के कर्मचारियों द्वारा भी आज इस अवसर पर पैदल आवागमन किया गया, जिसका मुख्य उद्देश्य कॉर्बन उत्सर्जन, वायु व ध्वनि प्रदूषण को कम करना और सस्टेनेबिलिटी व स्वस्थ जीवनशैली को बढ़ावा देना है। आज के इस पैदल मार्च में न्यायाधीशगणों की भागीदारी यह प्रेरणा देती है कि समाज का हर वर्ग, चाहे वह न्याय पालिका हो, प्रशासन या आम नागरिक हो, युवाओं के भविष्य के लिये मिलकर कार्य करें तथा एक न्यायपूर्ण और सशक्त भारत के निर्माण में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभायें।

## ब्लश खरीदने से पहले इन बातों का रखें ध्यान, सही रंग का होगा चयन

ब्लश एक लोकप्रिय मेकअप उत्पाद है, जो चेहरे पर प्राकृतिक लाली और रंग लाने में मदद करता है। हालांकि, बाजार में इतने सारे विकल्प और रंग उपलब्ध होते हैं कि सही ब्लश चुनना मुश्किल हो जाता है। सही ब्लश का चयन करने के लिए त्वचा के रंग, प्रकार और मौसम का ध्यान रखना जरूरी है। आइए आज हम आपको कुछ ऐसे मेकअप टिप्स देते हैं, जिनसे आपको अपने लिए सही ब्लश चुनने में मदद मिलेगी।

त्वचा के रंग का ध्यान रखें : ब्लश चुनते समय सबसे पहले अपनी त्वचा के रंग पर ध्यान दें। अगर आपकी त्वचा हल्की यानि गोरी की है तो गुलाबी या हल्के पीच रंग का ब्लश आपके लिए अच्छा रहेगा। यह आपके चेहरे को लालिमा और निखार दे सकता है। अगर आपकी त्वचा गहरी यानि सांवली है तो भूरा या नारंगी टोन वाला ब्लश चुनना सही रहता है। यह आपके चेहरे को एक सुनहरी चमक दे सकता है और लुक को और भी आकर्षक बना सकता है।

त्वचा के प्रकार को समझें : ब्लश चुनते समय अपनी त्वचा के प्रकार को भी समझें। सूखी त्वचा वाली महिलाएं क्रीम या क्रीम पाउडर ब्लश चुनें, क्योंकि ये त्वचा को नमी देते हैं और लंबे समय तक टिकते हैं। तैलीय त्वचा वाली महिलाएं पाउडर ब्लश का चुनाव करें, क्योंकि ये तेल को सोख लेते हैं और मेकअप को लंबे समय तक टिका रहने देते हैं। सामान्य या मिली-जुली त्वचा वाली महिलाएं किसी भी प्रकार के ब्लश का चयन कर सकती हैं।

मौसम का प्रभाव देखें: मौसम भी ब्लश चुनते समय अहम भूमिका निभाता है। गर्मियों में गुलाबी या पीच जैसे हल्के रंग वाले ब्लश बेहतर होते हैं, क्योंकि ये ताजगी देते हैं और पसीने से मेकअप को बिगड़ने से बचाते हैं। सर्दियों में बरगंडी या भूरे जैसे गहरे रंगों वाले ब्लश चुनना सही रहता है। ऐसा इसलिए, क्योंकि ये चेहरे को गर्माहट देते हैं और ठंडे मौसम में लंबे समय तक टिके रहते हैं।

प्रकाश का ख्याल रखें : आप जहां भी जा रहे हों, वहां की रोशनी भी ब्लश चुनते समय अहम हों सकती है। दिन की प्राकृतिक रोशनी में खड़े होकर ब्लश लगाएं, ताकि सही रंग का चयन हो सके। रात के वक्त पार्टी या किसी खास मौके पर जाते समय थोड़ा चमकदार या गहरा ब्लश चुनें, जो आपकी त्वचा को और भी गुलाबी दिखाएगा। इसके अलावा, अगर आप किसी खास जगह पर जा रहे हैं तो मेकअप सेटिंग स्प्रे का भी इस्तेमाल करें।

कम मात्रा में इस्तेमाल करें : ब्लश लगाते समय मात्रा का ध्यान रखना बहुत जरूरी होता है। थोड़ी-सी मात्रा ही चेहरे को लाल या गुलाबी स्पर्श देने के लिए काफी होती है। अगर आप पहली बार ब्लश लगा रही हैं तो थोड़ा-थोड़ा करके लगाएं और जरूरत अनुसार मात्रा को बढ़ाएं। इस तरह इन सरल टिप्स को अपनाकर आप अपने लिए सही ब्लश चुन सकती हैं, जो आपके चेहरे को लालिमा देगा और आपको आत्मविश्वास से भरपूर बनाएगा।

## एआई की मदद से पता कर सकते हैं टाइप 1 डायबिटीज का खतरा

वैज्ञानिकों ने एक ऐसा अत्याधुनिक उपकरण विकसित किया है, जो आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) की मदद से व्यक्ति के स्वास्थ्य डेटा का विश्लेषण करके यह अनुमान लगा सकता है कि उसे भविष्य में टाइप 1 डायबिटीज होने का कितना खतरा है। यह दावा किया है ऑस्ट्रेलिया के वेस्टर्न सिडनी यूनिवर्सिटी के शोधकर्ताओं ने। यह उपकरण केवल संभावित खतरे की पहचान नहीं करता, बल्कि यह भी बताने में सक्षम है कि मरीज के शरीर पर इलाज का किस प्रकार असर होगा।

शोधकर्ताओं ने इस उपकरण में 'डायनेमिक रिस्क स्कोर फॉर क्लीनिकल केयर' (डीआरएस4सी) नामक प्रणाली का इस्तेमाल किया है, जो माइक्रो आरएनए आधारित तकनीक पर काम करती है। इसमें खून से प्राप्त बेहद छोटे आरएनए अंशों के विश्लेषण के जरिए यह पता लगाया जाता है कि व्यक्ति में टाइप 1 डायबिटीज विकसित होने की कितनी संभावना है। जानकारी के मुताबिक, यह उपकरण विशेष रूप से बच्चों के लिए उपयोगी हो सकता है, क्योंकि उनमें यह बीमारी तेजी से फैलती है और जीवन प्रत्याशा को औसतन 16 साल तक घटा सकती है। ऐसे में समय रहते खतरे की पहचान होने पर इलाज जल्द शुरू किया जा सकता है, जिससे बीमारी की गति धीमी की जा सकती है।

अध्ययन के तहत भारत, ऑस्ट्रेलिया, कनाडा, डेनमार्क, हांगकांग, न्यूजीलैंड और अमेरिका के लगभग 5,983 व्यक्तियों के नमूनों का विश्लेषण किया गया। इसके बाद अतिरिक्त 662 लोगों पर इस तकनीक का परीक्षण किया गया, जिससे इसकी सटीकता की पुष्टि हुई। खास बात यह रही कि इलाज की शुरुआत के महज एक घंटे बाद ही यह स्कोर बता देता है कि कौन-से मरीज बिना इंसुलिन के बेहतर हो सकते हैं।


### वैधानिक सूचना

सुविज्ञ पाठकों से आग्रह है कि इस समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन में दिए गए तथ्यों, शर्तों और दावों के प्रति वह खुद भी आश्वस्त हो लें। पाठकों से आग्रह है कि वह प्रकाशित विज्ञापन से प्रभावित होकर कोई कदम उठाने से पहले अपने स्तर पर भी स्वयं के संतुष्ट होने तक संपूर्ण व्यावहारिक जानकारी कर लें। भविष्य में किसी भी प्रकाशित विज्ञापन व लेख में निहित दावों या शर्तों को लेकर पाठकगण को कोई असुविधा या परेशानी होती है तो *साध्य दैनिक दून वैली मेल* के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की कोई जवाबदेही नहीं होगी।

–प्रबंधक विज्ञापन


# रोजाना खाली पेट एक लहसुन की कली खाने से मिल सकते हैं कई फायदे



शायद ही आपको इस बात का पता हो कि लहसुन का इस्तेमाल कई बीमारियों के इलाज के लिए सदियों से किया जा रहा है। इसका कारण है कि इसमें मौजूद एंटी-ऑक्सीडेंट्स, एंटी-बैक्टीरियल, एंटी-इंफ्लेमेटरी और कई अन्य गुण। ये गुण शरीर को कई समस्याओं से सुरक्षित रखने में मदद कर सकते हैं। यही कारण है कि आयुर्वेद में लहसुन को एक औषधि की तरह इस्तेमाल किया जाता है। आइए जानते हैं कि रोजाना लहसुन खाने से क्या-क्या फायदे हैं।

ब्लड प्रेशर को नियंत्रित करने में है कारगर : अगर आपको हाई ब्लड प्रेशर की समस्या है तो रोजाना सुबह खाली पेट एक लहसुन की कली का सेवन करना शुरू कर दें। लहसुन में ऐसे गुण पाए जाते हैं, जो ब्लड प्रेशर को कम करने में मदद कर सकते हैं। इसके अलावा लहसुन में मौजूद एंटी-ऑक्सीडेंट्स खराब कोलेस्ट्रॉल के स्तर को कम करके अच्छे कोलेस्ट्रॉल के स्तर को संतुलित करने में मदद कर सकते हैं।

वजन घटाने में है प्रभावी : अगर आप बढ़ते वजन को घटाना चाहते हैं तो इसके लिए भी लहसुन का सेवन लाभदायक हो सकता है। दरअसल, इसमें मौजूद एंटी-ऑक्सीडेंट्स और अन्य गुण शरीर की चर्बी को कम करने में मदद कर सकते हैं। इसके अलावा लहसुन में मौजूद यौगिक शरीर में वसा जमने से रोकता है, जिससे वजन कम करने में मदद मिल सकती है। इसलिए किसी भी तरह से लहसुन का सेवन जरूर करें।

पाचन क्रिया को स्वस्थ रखने में है मददगार : लहसुन का सेवन पाचन क्रिया के लिए भी लाभदायक हो सकता है। इसमें मौजूद एंटी-माइक्रोबियल और एंटी-बैक्टीरियल गुण पाचन क्रिया को स्वस्थ रखने में मदद कर सकते हैं। इसके अलावा लहसुन में मौजूद फाइबर पोषक तत्वों के अवशोषण में मदद कर सकते हैं। लाभ के लिए रोजाना एक लहसुन की कली का सेवन करें।



कैंसर के जोखिम कर सकता है कम : रोजाना एक लहसुन की कली का सेवन कैंसर जैसी गंभीर बीमारी के जोखिम कम करने में भी मदद कर सकता है। लहसुन में कैंसर रोधी गुण होते हैं, जो शरीर में मौजूद कैंसर कोशिकाओं को पनपने से रोकते हैं। इसके अलावा लहसुन में कुछ ऐसे खास यौगिक होते हैं, जो कैंसर के कारण होने वाले ट्यूमर को बढ़ने से रोक सकते हैं। हालांकि, लहसुन कैंसर का इलाज नहीं है इसलिए डॉक्टरी जांच को प्राथमिकता दें।

मधुमेह के स्तर को कर सकता है नियंत्रित : लहसुन में ऐसे गुण होते हैं, जो शरीर में इंसुलिन हार्मोन के स्तर को संतुलित कर मधुमेह को नियंत्रित करने में मदद कर सकते हैं। इसके अलावा लहसुन में कुछ ऐसे तत्व भी होते हैं, जो रक्त शर्करा के स्तर को कम करने में मदद कर सकते हैं। लाभ के लिए रोजाना एक लहसुन की कली का सेवन करें।(आरएनएस)

## शब्द सामर्थ्य -45


(भागवत साहू)

**बाएं से दाएं**

1. रूचिकर लगने वाली, रूचि के अनुकुल, चुनी हुई 3. राजाओं के बैठने का आसन 6. श्रमिक 7. कार्य, काज 9. वाद्ययंत्र आदि बजाने वाला 10. सहारा, सहायक वस्तु 11. शर्म, लाज, हया 12. मक्खन, माखन 14. श्रीमती राबड़ी देवी इस प्रदेश की मुख्यमंत्री हैं 15. चंद्रमा, रजनीश, चांद 18. पुस्तक 20. अवधि, समय 21. तर्क वितर्क और कहा-सुनी, जबानी झगड़ा 22. सूरत, आकार 23. झुका हुआ, नत।

**ऊपर से नीचे**

1. पंद्रह दिन का समय, शुक्ल या कृष्ण पक्ष 2. आग बुझाने की मशीन 3. हिंदु विवाहित स्त्री के मांग में भरने का लाल चूर्ण 4. पराजय, माला 5. मुंह ढकने का कपड़ा, घुंघट 8. चंदन, दक्षिण का एक पर्वत 10. व्यवस्थित करना, सजाना, स्वभाव आदि का परिष्कार, शुद्ध संबंधी कृत्य 12. विशालता, बड़प्पन, महान होने का भाव 13. अड़चन, रुकावट 15. जमीन के अंदर गहरा और लंबा रास्ता, अच्छे रंग का 16. बेवकूफ, मूर्ख, अहमक 17. औसत के हिसाब से 18. कृषक 19. अधिक, ज्यादा।



### शब्द सामर्थ्य क्रमांक 44 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ज | ल | 3 | आ | वा | जा | ही | 6 | 4 |
| मा | | खू | ब | 8 | दू | र | स्थ | |
| ना | दा | न | | सा | ग | 10 | ल | क्ष्य |
| 12 | न | ख | | त | र | ल | | |
| 12 | वी | रा | न | | 15 | च | ट | क |
| 17 | र | ब | 18 | आ | ज | क | ल | |
| | 17 | 21 | आ | ग | 19 | दा | ना | |
| 23 | अ | ग | र | म | ग | र | 23 | क्रो |
| भा | भी | | ती | न | 26 | | व | ध |

# पैंडोरा में फिर छिड़ेगी जंग

अवतार दुनिया की सबसे कमाऊ फ्रेंचाइजी में से एक हैं। जेम्स कैमरून इसके दो पार्ट जारी कर कर चुके हैं और तीसरे की बारी है। फिल्म का पहला पार्ट साल 2००9 में और दूसरा पार्ट 2०22 में रिलीज हुआ। इन दोनों ही पार्ट ने वर्ल्डवाइड बॉक्स ऑफिस पर मोटा कलेक्शन किया। अब जेम्स कैमरून अपने पैंडोरा ग्रह की इस नई दुनिया का तीसरा भाग लेकर आए हैं, जिसका भारत में बीती रात ट्रेलर रिलीज हो चुका है। फिल्म का तीसरा पार्ट अवतार- फायर एंड ऐश हैं, जो मौजूदा साल के अंत में रिलीज होने जा रही है। आइए देखते हैं कैसा है अवतार 3 का ट्रेलर और लोगों के इस पर क्या रिएक्शन हैं और साथ ही जानेंगे ट्रेलर की उन 5 बड़ी बातों के बारे में जो आपको फिल्म देखने पर मजबूर कर सकते हैं।

अवतार- फायर एंड ऐश का ट्रेलर देखने में बहुत ही चौंकाने और नई दुनिया की सैर कराने वाला है। जेम्स कैमरून का पैंडोरा ग्रह और यहां के जीव की तरह दिखने वाले लोग पहले से बहुत ज्यादा हाइटेक हो चुके हैं। ट्रेलर में देखने को मिल रहा है कि फिल्म में नए-नए जीव इंसानों से लोहा लेते नजर आएंगे। इसमें ऐश पीपल नामक नया ग्रुप पैंडोरा ग्रह पर आया है, जो फिल्म में जैक सुली और उसकी फैमिली मेटकेयना कबीले से लड़ता नजर आ रहा है। अब इसमें तीसरा विलेन वरंग है, जो कर्नल क्वारिच के दल में मिलकर पेंडोरा ग्रह पर तबाही मचा रहा है।

पैंडोरा ग्रह पर अब युद्ध और भी बड़ा होने वाला है, क्योंकि इस ग्रह में एक नए विलेन वरंग ने जन्म ले लिया है, जो अपनी दुनिया के लोगों के खिलाफ जाकर इंसानी दुनिया का साथ देगा, जो पैंडोरा ग्रह पर कब्जा कर उसको अपने फायदे के लिए हथियाना चाहते हैं। ऐसे में जैक सूली कबीले के लिए यह जंग आसान नहीं होने वाली है।

अवतार के पहले और दूसरे पार्ट में के विजुअल्स पहले ही लोगों की आंखों को सुकून दे चुके हैं, लेकिन जेम्स कैमरून की पैंडोरा ग्रह की दुनिया और भी ज्यादा खूबसूरत और विशाल होने जा रही है। फिल्म में आंखों को सुकून देने वाले विजुअल्स देखने को मिलेंगे। वहीं, फिल्म का लुत्फ आईमैक्स 3डी में उठाया जा सकता है।

अवतार के तीसरे पार्ट को और भी ज्यादा जंगी बनाने के लिए फिल्म में नए विलेन वरंग को शामिल किया गया है। पहले जैक सूली कबीले का विलेन सिर्फ कर्नल क्वारिच था, लेकिन अब उसे अपनी धरोहर बचाने के विए वरंग से भी लोहा लेना पड़ेगा। वरंग अपनी अलग फौज लेकर नावी कबीले में पहुंचेगा। इस नए विलेन के किरदार को चार्ली चैपलिन की नातिन ऊना चैपलिन ने निभा रही हैं।

एक्शन और एडवेंचर के लिहाज से भी अवतार 3 और भी बड़ा सरप्राइज है। अवतार 3 में इंसान और इन अवतार जीवों के बीच बड़ी आसमानी जंग देखने को मिलेगी, जिसके लिए नावी कबीले अपनी आसमानी फौज को तैयार किया है, जिसमें इस बार और भी विशाल जीव अपने नए-नए अस्त्रों से अपना विशालकाय साम्राज्य बचाते दिखेंगे।

अवतार ने अपने पहले ही पार्ट से दर्शकों को फिल्म के इमोशनल पार्ट से जोड़कर रखा है, जो दर्शकों को इस बात पर रुलाती है कि कैसे इंसान कुदरत और उसके बनाए अविश्वसनीय क्रिएचर को अपने स्वार्थ के लिए उसका नाश कर रहा है। इसमें प्यार-रोमांस, बिछड़न और फिर नावी कबीले के लोगों की मौत दर्शकों के रुलाने वाली है।

एक्स पर एक यूजर ने लिखा है, अवतार 3 का ट्रेलर रिलीज हो गया और यह साल 2०25 की सबसे बड़ी फिल्म होने जा रही है। दूसरे यूजर ने लिखा है, अवतार 3 का ट्रेलर स्टनिंग है और यह फिल्म धमाका करने जा रही है।

रिपोर्ट्स की मानें अवतार 3 पर 21०० करोड़ रुपये का मेकिंग खर्च आया है। भारत में इस फिल्म को इंग्लिश के साथ-साथ हिंदी, तेलुगू, तेमिल, कन्नड़ और मलयालम भाषा में देखा जा सकता है। फिल्म के पहले पार्ट ने 25 हजार करोड़ रुपये और दूसरे पार्ट ने 2० हजार करोड़ रुपये की कमाई की थी। बता दें, फिल्म अवतार 3 आईमैक्स 3डी स्क्रीन पर भी देख सकते हैं। फिल्म अवतार 3 आगामी 19 दिसंबर को रिलीज होगी।

## मेगास्टार चिरंजीवी की बड़ी फिल्म विश्वंभरा में दिखेंगे रिकॉर्ड तोड़ वीएफएक्स सीन

मेगास्टार चिरंजीवी की बहुप्रतीक्षित फिल्म विश्वंभरा अब पोस्ट-प्रोडक्शन के आखिरी दौर में है। यह एक बड़ी सोशल-फैंटेसी फिल्म है जिसे देखने में दर्शकों को बहुत मजा आने वाला है। इस फिल्म में इतने शानदार वीएफएक्स सीन होंगे, जो अब तक किसी भारतीय फिल्म में नहीं देखे गए। यह फिल्म देखने वालों को एक नया अनुभव देने वाली है।

इस फिल्म पर टॉलीवुड, बॉलीवुड और हॉलीवुड के बड़े-बड़े वीएफएक्स स्टूडियो मिलकर काम कर रहे हैं। वे हर सीन पर बहुत मेहनत कर रहे हैं ताकि फिल्म के विजुअल्स इंटरनेशनल लेवल के हों। इंडस्ट्री के लोग कह रहे हैं कि विश्वंभरा एक बहुत ही बड़ी फिल्म साबित होने वाली है और यह इंतजार करने लायक है।

इस फिल्म को बिंबिसार फिल्म के डायरेक्टर वशिष्ठ बना रहे हैं। विश्वंभरा उनका ड्रीम प्रोजेक्ट है। यूवी क्रिएशंस इस फिल्म को बड़े बजट में बना रही है और कहीं भी क्वालिटी पर कोई समझौता नहीं हो रहा।

फिल्म का पोस्ट-प्रोडक्शन काम अब लगभग खत्म होने वाला है। चिरंजीवी और पूरी टीम अब तक हुए काम से बहुत खुश हैं। बहुत जल्द फिल्म की रिलीज डेट भी घोषित की जाएगी। अब फिल्म का प्रमोशन भी शुरू होने वाला है, जिससे दर्शकों की उत्सुकता और बढ़ जाएगी। यह फिल्म भारतीय सिनेमा की सबसे शानदार विजुअल फिल्म मानी जा रही है।

# सिद्धार्थ - जाह्नवी की परम सुंदरी की नई रिलीज डेट का ऐलान

जल्द ही कई नई जोड़ियां फिल्मों में नजर आएंगी। इन्हीं में से एक है सिद्धार्थ मल्होत्रा और जाह्नवी कपूर की जोड़ी, जो फिल्म परम सुंदरी में दिखने वाली है। यह पहले बीती 25 जुलाई को रिलीज होने वाली थी, लेकिन अजय देवगन की फिल्म सन ऑफ सरदार 2 से बचने के लिए फिल्म को रिलीज टाल दी गई। हालांकि, ये नहीं बताया कि फिल्म पर्दे पर कब आएगी और अब इसकी नई रिलीज तारीख का ऐलान भी हो गया है।




दिनेश विजान के प्रोडक्शन हाउस मैडॉक फिल्म्स के बैनर तले बनी यह फिल्म अब 29 अगस्त को सिनेमाघरों में दस्तक देगी। प्रोडक्शन हाउस की ओर से सोशल मीडिया पर जारी किए गए फिल्म के नए मोशन पोस्टर के साथ-साथ इसकी रिलीज का ऐलान हुआ है। पोस्ट में लिखा है, दिनेश विजान आपके लिए लेकर आ रहे हैं साल की सबसे बड़ी प्रेम कहानी परम सुंदरी। यह 29 अगस्त को सिनेमाघरों में आ रही है। परम सुंदरी का टीजर मई में आया था। इसमें सिद्धार्थ को उत्तर भारत के लड़के परम और जान्हवी को साउथ की लड़की सुंदरी के रूप में दिखाया गया था। टीजर में सोनू निगम की आवाज में गाने की कुछ लाइनें भी सुनने को मिली थीं। इस टीजर को काफी पसंद किया गया था। इसके सामने आने के बाद फैंस फिल्म के लिए उत्साहित हो उठे थे। हालांकि, अभी इसके पर्दे पर आने के लिए थोड़ा और इंतजार करना होगा। परम सुंदरी का निर्माण दिनेश विजान कर रहे हैं, जो स्त्री 2 और छावा जैसी फिल्मों से पहले ही खूब धमाल मचा चुके हैं। इस फिल्म के निर्देशन की कमान तुषार जलोटा संभाल रहे हैं। सिद्धार्थ और जाह्नवी अभिनीत इस फिल्म की कहानी उत्तर भारत में रहने वाले परम और साउथ की रहने वालीं सुंदरी की है, जिसे एक-दूसरे से प्यार हो जाएगा। फिल्म की पूरी कहानी उन्हीं की प्रेम कहानी के इर्द-गिर्द घूमती नजर आएगी। (आरएनएस)

# टीवी इंडस्ट्री में बदल रही महिलाओं की स्थिति सराहनीय:नायरा बनर्जी



टेलीविजन अभिनेत्री नायरा बनर्जी ने छोटे पर्दे पर जेंडर भेदभाव से परे भूमिकाओं के बदलते स्वरूप पर बात की। उन्होंने महिला-केंद्रित शो की बढ़ती लोकप्रियता की सराहना की। हालांकि, अभिनेत्री का मानना है कि वास्तविक रूप से जिंदगी के गाड़ी के ये दोनों पहिए जरूरी हैं। नायरा ने कहा, सच्ची कहानियां दोनों जेंडर की भावनाओं को दिखाती हैं, क्योंकि परिवार और अच्छी कहानियां साझा अनुभवों पर बनती हैं।

उन्होंने बताया, पहले फिल्मों में महिलाएं सिर्फ सजावटी किरदार थीं। अब टीवी पर स्थिति उलट है, महिलाएं मुख्य भूमिकाओं में हैं और पुरुष पृष्ठभूमि में। मुझे लगता है कि दोनों को बराबर महत्व मिलना चाहिए। परिवार जोड़ों से बनते हैं और दोनों की भावनाएं मायने रखती हैं। टीवी भले ही महिलाओं को ज्यादा तवज्जो देता हो, लेकिन वास्तविक कहानियों में दोनों का योगदान जरूरी है।

नायरा ने अपने नए म्यूजिक वीडियो मैं तेरी हूं' के बारे में भी बताया। इस गाने को अहान ने गाया और लिखा है। नायरा ने कहा, इस गाने के बोल मैं तेरी हूं' ने मुझे बहुत प्रभावित किया। छह महीने पहले मैंने इसे सुना और तुरंत पसंद कर लिया, लेकिन व्यस्तता के कारण शूटिंग नहीं कर पाई। बाद में जब यह गाना फिर से मेरे पास आया, मैंने तुरंत हामी भर दी।दिव्या दृष्टि' फेम अभिनेत्री ने सच्चे प्यार की परिभाषा पर भी बात की।

उन्होंने कहा, आज के भावनात्मक रूप से नाजुक दौर में आत्म-प्रेम सबसे जरूरी है। मानसिक और शारीरिक शांति बनाए रखना महत्वपूर्ण है। मुझे प्यार और शादी का विचार पसंद है। दो लोग मिलकर जिंदगी बनाएं और दोस्तों की तरह एक साथ बूढ़े हों।

मुझे उम्मीद है कि ऐसा प्यार आज भी मौजूद है।अभिनय करियर की बात करें तो नायरा ने दिव्या दृष्टि' में मुख्य भूमिका से लोकप्रियता हासिल की। इसके अलावा, वह फियर फैक्टर: खतरों के खिलाड़ी 13' और बिग बॉस 18' में भी अपनी मौजूदगी दर्ज करवा चुकी हैं।(आरएनएस)

# भारत-अमेरिका व्यापार संबंधों में नया तनाव

विनीत नारायण

हाल में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भारत से आयातित सामान पर 25 प्रतिशत टैरिफ और रूस से तेल और हथियारों की खरीद के लिए अतिरिक्त 25 प्रतिशत दंड की घोषणा की।

यह कदम भारत-अमेरिका व्यापार संबंधों में महत्त्वपूर्ण मोड़ के रूप में देखा जा रहा है, विशेष रूप से तब जब दोनों देश एक व्यापार समझौते पर बातचीत कर रहे हैं। ट्रंप ने भारत और रूस को मृत अर्थव्यवस्था (डेड इकानमी) कह कर निशाना बनाया और भारत के उच्च टैरिफ और गैर-मौद्रिक व्यापार बाधाओं को इसका कारण बताया।

ट्रंप ने अपने दूसरे कार्यकाल में वैश्विक व्यापार को प्रभावित करने वाली आक्रामक टैरिफ नीतियों को अपनाया है। 7 अगस्त, 2025 से लागू होने वाले 25 प्रतिशत टैरिफ का ऐलान करते हुए ट्रंप ने इसके लिए भारत के रूस से तेल और सैन्य उपकरणों की खरीद को प्रमुख कारण बताया। उनके अनुसार, भारत रूस का सबसे बड़ा ऊर्जा खरीदार है, जो यूक्रेन में रूस के सैन्य अभियान के समय में अस्वीकार्य है। इसके अतिरिक्त, ट्रंप ने भारत के उच्च टैरिफ (जिसे उन्होंने दुनिया में सबसे अधिक बताया) और गैर-मौद्रिक व्यापार बाधाओं की भी आलोचना की। ट्रंप ने पहले 20-25 प्रतिशत टैरिफ की संभावना जताई थी, लेकिन अंतिम घोषणा में अतिरिक्त दंड भी शामिल किया गया। यह कदम भारत के फार्मास्यूटिकल्स, कपड़ा, र प्रतिशत और आभूषण और आटोमोबाइल जैसे क्षेत्रों को प्रभावित कर सकता है, जो अमेरिका के साथ भारत के व्यापार के महत्त्वपूर्ण हिस्सा हैं।

कांग्रेस नेता और लोक सभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने ट्रंप के मृत अर्थव्यवस्था वाले बयान का समर्थन करते हुए केंद्र सरकार पर तीखा हमला बोला। कहा, हां, ट्रंप सही हैं। हर कोई जानता है कि भारतीय अर्थव्यवस्था मृत है, सिवाय प्रधानमंत्री और वित्त मंत्री के। मुझे खुशी है कि ट्रंप ने यह तथ्य सामने रखा। दुनिया जानती है कि भारतीय अर्थव्यवस्था खत्म हो चुकी है। भाजपा ने अडानी को मदद करने के लिए अर्थव्यवस्था को बर्बाद कर दिया। राहुल ने मोदी सरकार की आर्थिक नीतियों पर सवाल उठाए, विशेष रूप से नोटबंदी और त्रुटिपूर्ण जीएसटी अर्थव्यवस्था के पतन के कारण बताए। उन्होंने यह भी पूछा कि ट्रंप के भारत-पाकिस्तान सीजफायर को लेकर बार-बार किए जा रहे दावों पर प्रधानमंत्री की चुप्पी क्यों है?

कांग्रेस पार्टी ने इस टैरिफ को भारत की विदेश नीति की विफलता के रूप में चित्रित किया। कांग्रेस नेता सुप्रिया श्रीनेत ने कहा, राहुल गांधी ने पहले ही इस बारे में चेतावनी दे दी थी। यह टैरिफ हमारी अर्थव्यवस्था, निर्यात, उत्पादन और रोजगार पर असर डालेगा। हम अमेरिका को फार्मास्यूटिकल्स निर्यात करते हैं, और 25 प्रतिशत टैरिफ से ये महंगे हो जाएंगे जिससे मांग कम होगी और उत्पादन तथा रोजगार पर असर पड़ेगा। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने भी प्रधानमंत्री की चुप्पी पर सवाल उठाए और टैरिफ को भारत के व्यापार, एमएसएमई और किसानों के लिए हानिकारक बताया। अन्य विपक्षी नेताओं ने भी इस मुद्दे पर सरकार की आलोचना की। समाजवादी पार्टी के नेता अखिलेश यादव ने इसे भारतीय अर्थव्यवस्था के लिए बुरे दिनों की शुरुआत बताया, जबकि असदुद्दीन ओवैसी ने ट्रंप को व्हाइट हाउस का जोकर कह कर उनकी आलोचना की।

वहीं, अर्थशास्त्रियों ने इस टैरिफ के भारत की अर्थव्यवस्था पर संभावित प्रभाव को लेकर मिश्रित राय व्यक्त की है। कुछ का मानना है कि इसका प्रभाव सीमित होगा जबकि अन्य ने दीर्घकालिक नुकसान की चेतावनी दी है। इंवेस्टमेंट इनफार्मेशन एंड क्रेडिट रेटिंग एजेंसी आफ इंडिया (इक्रा) की मुख्य अर्थशास्त्री अदिति नायर ने कहा, प्रस्तावित टैरिफ और दंड हमारी अपेक्षा से अधिक हैं, और इससे भारत की जीडीपी की वृद्धि पर असर पड़ सकता है। प्रभाव की गंभीरता दंड के आकार पर निर्भर करेगी। अर्नेस्ट एंड यंग इंडिया (ईवाई) के व्यापार नीति विशेषज्ञ अग्नेर सेन ने कहा, टैरिफ से समुद्री उत्पाद, फार्मास्यूटिकल्स, कपड़ा, चमड़ा और आटोमोबाइल जैसे क्षेत्र सबसे अधिक प्रभावित होंगे। ये क्षेत्र भारत-अमेरिका व्यापार में मजबूत हैं, और टैरिफ से इनकी प्रतिस्पर्धात्मकता कम हो सकती है। फाउंडेशन फार इकोनामिक डवलपमेंट के राहुल अहलूवालिया ने चेतावनी दी कि टैरिफ भारत को वियतनाम व चीन जैसी अन्य एशियाई अर्थव्यवस्थाओं की तुलना में कमजोर कर सकता है। उनके अनुसार, निर्यात आपूर्ति श्रृंखलाओं के भारत की ओर स्थानांतरण की संभावना नहीं है।

हालांकि, कुछ विशेषज्ञों ने आशावादी रुख भी अपनाया है। फिक्की के अध्यक्ष हर्षवर्धन अग्रवाल ने कहा, हालांकि यह कदम दुर्भाग्यपूर्ण है और हमारे निर्यात पर असर डालेगा। लेकिन हमें उम्मीद है कि यह अल्पकालिक घटना होगी और दोनों पक्ष जल्द ही एक स्थायी व्यापार समझौते पर पहुंच जाएंगे। भारत सरकार ने इस मुद्दे पर सतर्क और संयमित रुख अपनाया है। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने संसद में कहा, हम राष्ट्रीय हितों की रक्षा के लिए सभी आवश्यक कदम उठाएंगे। भारत ने एक दशक में फ्रैजाइल फाइव से दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था बनने का सफर तय किया है। सरकारी सूत्रों ने संकेत दिया है कि भारत तत्काल जवाबी टैरिफ लगाने की बजाय बातचीत का रास्ता अपनाएगा। एक सूत्र ने कहा, चुप्पी सबसे अच्छा जवाब है। हम बातचीत की मेज पर इस मुद्दे को हल करेंगे।

कुल मिलाकर 25 प्रतिशत टैरिफ और अतिरिक्त दंड ने भारत-अमेरिका व्यापार संबंधों में नया तनाव पैदा कर दिया है। राहुल गांधी और विपक्ष ने इसे सरकार की आर्थिक और विदेश नीति की विफलता के रूप में प्रस्तुत किया है, जबकि अर्थशास्त्रियों ने इसके मिश्रित प्रभावों की ओर इशारा किया है। जहां कुछ क्षेत्रों पर तत्काल असर पड़ सकता है, वहीं भारत के पास अन्य बाजारों में विविधता लाने और बातचीत के जरिए समाधान खोजने का भी अवसर है। यह स्थिति न केवल आर्थिक, बल्कि भू-राजनीतिक दृष्टिकोण से भी महत्त्वपूर्ण है क्योंकि भारत को अपनी रणनीतिक स्वायत्तता और आर्थिक हितों को संतुलित करना होगा। देखना यह है कि आने वाले दिनों में सरकार इस

# हिमालयी राज्यों की नियति बनती प्राकृतिक आपदाएं

प्राकृतिक आपदाएं उत्तराखंड और हिमाचल प्रदेश सहित सभी हिमालयी राज्यों की नियति बनती जा रही हैं। उत्तराखंड के उत्तरकाशी जिले के धराली में बादल फटने के कारण खीर गंगा नदी में बाढ़ आ जाने से जो भयंकर विपदा आई उससे पूरा देश सहम गया है। चंद सेकंडों ही में चहल-पहल भरा बाजार और इलाका तहस-नहस हो गया। दूर गांवों में रहने वाले ग्रामीण, जो यह नजारा देख रहे थे, स्थानीय लोगों को सावधान करने और वहां से भागने के लिए चीखते रह गए। पानी और मलबे के शोर में कोई उनकी चेतावनियों को नहीं सुन पाया।

यह सब इतना तेजी से घटा कि किसी को संभलने का मौका तक नहीं मिल पाया और देखते ही देखते भवन, दुकानें, होमस्टे और होटल बह गए। पूरा धराली बाजार मलबे से पट गया है, और इस कारण हुए जान-माल के नुकसान का पता लगने में लंबा वक्त लगेगा।

धराली गंगोत्री धाम से करीब 20 किमी. पहले पड़ता है, और चार धाम यात्रा का प्रमुख पड़ाव है। शांत बहने वाली खीर नदी पहले ग्लेशियर और फिर घने जंगलों से होकर बहती है। इसलिए इसका पानी अत्यंत शुद्ध है।

आगे चल कर यह भागीरथी से मिल जाती है। इसलिए इसे खीर गंगा कहा जाता है लेकिन बरसात में समस्त पहाड़ी नदियों की तरह यह नदी भी उग्र रूप दिखाती है। पहले भी खीर गंगा में भीषण बाढ़ आ चुकी है। इतिहास टटोलें तो खीर गंगा में सबसे भीषण बाढ़ 1835 में आई थी। तब नदी ने सारे धराली कस्बे को पाट दिया था। बाढ़ से यहां भारी मात्रा में मलबा (गाद) जमा हो गया था। कहते हैं कि अभी यहां जो भी बसावट है, वह उस समय नदी के साथ आई गाद पर स्थित है।

1978 में धराली से नीचे डबराणी में एक डैम टूट गया था। इससे भागीरथी में भयंकर बाढ़ आ गई थी और कई गांव बह गए थे।

धराली और आसपास के इलाकों में बादल फटने, भूस्खलन की घटनाएं होती रहती हैं। लेकिन पहली बार इतनी व्यापक क्षति हुई है। वर्ष 2013 की केदारनाथ त्रासदी के बाद लगा था कि राज्य सरकार और प्रशासन ने सबक लिया है, और अब नदी-नाले और इनके किनारे मानवीय हस्तक्षेप से बचे रहेंगे लेकिन दुखद बात है कि गंगा के किनारों का हाल 2013 से भी बुरा हो गया है।

बादल फटना हिमालय क्षेत्र में विनाशकारी प्राकृतिक आपदाओं में से एक है। इसकी वजह है बहुत कम समय में किसी छोटे इलाके में भारी बारिश का होना।

जलवायु परिवर्तन के कारण इन घटनाओं की आशंका लगातार बढ़ रही है। ऐसी आपदाओं से बचना तो मुश्किल है लेकिन नदी घाटियों से तो आबादी को तो दूर रखा ही जा सकता है जिससे बाढ़ और भूस्खलन की मार से बचा जा सके। (आरएनएस)

## सू- दोकू क्र. 45

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 2 | | | 6 | | | 1 | |
| 3 | | | 4 | | | 2 | | |
| | | | | | | | 6 | |
| 6 | | | | | 4 | | | |
| | 9 | | 5 | | | 6 | | 1 |
| | | | | | | | | |
| 4 | | 3 | | | 9 | | | 2 |
| | 8 | | 2 | | | | 7 | |
| 1 | | 2 | | 4 | | 9 | | 6 |

**नियम**

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक र सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र.44 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 7 | 6 | 9 | 5 | 1 | 2 | 3 | 4 |
| 1 | 3 | 9 | 2 | 8 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 4 | 5 | 2 | 3 | 7 | 6 | 9 | 1 | 8 |
| 2 | 8 | 5 | 4 | 6 | 7 | 1 | 9 | 3 |
| 3 | 1 | 7 | 8 | 9 | 2 | 4 | 5 | 6 |
| 6 | 9 | 4 | 1 | 3 | 5 | 7 | 8 | 2 |
| 9 | 4 | 1 | 6 | 2 | 8 | 3 | 7 | 5 |
| 7 | 2 | 8 | 5 | 1 | 3 | 6 | 4 | 9 |
| 5 | 6 | 3 | 7 | 4 | 9 | 8 | 2 | 1 |

# देश के पहाड़ों पर बसाहट की आधुनिक तकनीकी कौशल की आवश्यकता

अजय दीक्षित

उत्तराखंड, हिमाचल प्रदेश, जम्मू कश्मीर, लद्दाख, राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों में हिमालय की गोद में बसे पहाड़ों पर दिनों दिन आबादी और पर्यटकों होटलों,सड़कों का बेहिसाब बोझ बढ़ता चला जा रहा है, इसके चलते भूस्खलन

, बादल फटने भारी बारिश से उमड़े सैलाब से त्रासदी दर त्रासदी हो रही है और अब भारत सरकार को माउंटेन इंजीनियरिंग के विकसित कौशल को कड़ाई से लागू करने की आवश्यकता हैविगत दिवस ही केदारनाथ के नजदीक धावली नामक में भारी बारिश से उमड़े सैलाब में 150 से अधिक लोगों की मौत हो गई और तमाम घर,होटल,सेना का कैंप माचिस की तीलियों की तरह बिखर गया है।2013 में केदारनाथ धाम में सैलाब आया था तब हजारों लोगों मौत के मुंह में समा गए।सुनते हैं कि नैनीताल में भी बादल फटने से सैलाब आया है।दूसरी ओर भारत सरकार इन दुर्गम क्षेत्रों में सड़क, परियोजना पर कार्य कर रही है।

ऋषिकेश से बद्रीनाथ, गंगोत्री, यमनोत्री, केदारनाथ धाम को फोर लेन सड़क परियोजना चल रही है।पूरे गढ़वाल क्षेत्र में बड़ी बड़ी मशीनों से कार्य चल रहा है। भारत सरकार ने पर्यावरण विशेषज्ञ की राय को नजरंदाज कर कार्य किया है

ऋषिकेश से रुद्र प्रयाग रेल लाइन पर भी कार्य चल रहा है।

लेकिन त्रासदी भी हो रही हैं। नैनीताल,शिमला, मसूरी,मनाली,कुल्लू, डलहौजी, अल्मोड़ा, रानीखेत, मुक्तेश्वर, बागेश्वर, कसौली, किन्नौर,आदि स्थानों पर करोड़ों की संख्या में पर्यटकों का आना जाना है।एक तरह से पर्यटक हब विकसित हो गया है। उत्तराखंड, हिमाचल प्रदेश,में होटलों का अंबार लग गया हैइससे पहाड़ों पर बोझ बढ़ गया है। पहाड़ दरकने लगे हैं और भारभरा कर गिर जाते हैंइसे लैंड स्लाइड्स कहते हैं। रिसर्च एंड सिक्योरिटी इन हिमालियन माउंट के प्रधान अभियंता सरल नेगी कहते हैं कि

उत्तराखंड, हिमाचल प्रदेश में नियमों को ताक पर रख कर होटलों, सड़कों का निर्माण कराया जा रहा हैजबकि चाइना, तिब्बत, जापान में भी ऐसे ही इलाके हैं लेकिन उन्होंने सीमित निर्माण कार्य किया है।

भारत में आबादी के दबाव और बढ़ते धनाढ्य लोगों के कारण पर्यटन पिछले दस सालों में 300 फीसदी तक बढ़ा है और अब निजी वाहनों से लोग सफर करते हैं जिसके चलते जाम की स्थिति उत्पन्न होती है और सरकार सड़कों को फोर लेन बना रही है। दूसरी दृष्टि से देखे तो रोजगार, व्यावसायिक विकास हुआ है परंतु ये विकास ,विनाश भी लेकर आ रहा है। इसलिए सरकार को इन क्षेत्रों में नए स्टेशन बनाने की आवश्यकता है और यह सुरक्षित भी होना चाहिए।

### नेता प्रतिपक्ष ने राज्य निर्वाचन आयोग को लिखा पत्र

## मतगणना की वीडियो रिकॉर्डिंग करने की मांग

संवाददाता

देहरादून। नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य ने राज्य निर्वाचन आयोग को पत्र लिख मतगणना की वीडियो रिकॉर्डिंग करने की मांग की।



आज यहां नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य ने राज्य निर्वाचन आयोग को पत्र लिखा है। नेता प्रतिपक्ष ने जिला पंचायत अध्यक्ष और ब्लॉक प्रमुख पदों के लिए होने वाली मतगणना की वीडियो रिकॉर्डिंग करने की मांग की है। उन्होंने कहा त्रि-स्तरीय पंचायत चुनावों के दूसरे चरण की अधिसूचना जारी हो चुकी है। 14 अगस्त को मतदान और मतगणना होनी है। इस चरण में मतदाताओं की संख्या दहाई में होती है इसलिए जीत और हार का अंतर बेहद कम होता है कभी-कभी प्रत्याशियों को बराबर मत भी मिलते हैं। इसलिए मतगणना की प्रक्रिया पारदर्शी और त्रुटिहीन होनी चाहिए। यशपाल आर्य ने कहा कि यदि मतगणना की समस्त प्रक्रिया की वीडियो रिकॉर्डिंग भी करवाई जाय तो परिणामों पर जनता का विश्वास बढ़ेगा।

## सीएम धामी ने पीएम मोदी का आभार जताया

देहरादून (कासं)। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने पूर्व में किए गए अनुरोध पर केंद्र सरकार द्वारा ऋषिकेश में अंडरग्राउंड केबलिंग एवं देहरादून में SCADA कार्यों के लिए रू. 547.83 करोड़ की मंजूरी प्रदान करने पर देवभूमिवासियों की ओर से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का आभार जताया। यह परियोजना विद्युत अवसंरचना को आधुनिक, सुरक्षित और विश्वसनीय बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

मुख्यमंत्री ने कहा अंडरग्राउंड केबलिंग से विद्युत आपूर्ति अधिक स्थिर होगी, आपदा व मौसम जनित अवरोधों से सुरक्षा मिलेगी, रखरखाव की लागत घटेगी तथा शहरी सौंदर्य भी बेहतर होगा। सीएम ने कहा कि हमारी डबल इंजन सरकार देवभूमि उत्तराखंड के सर्वांगीण और सर्वस्पर्शी विकास के लिए प्रतिबद्ध है।

### आपदा राहत सामग्री की भी हो रही... ◀◀ पृष्ठ 2 का शेष

है कि यह आपदा सिर्फ प्रकृति की मार नहीं, बल्कि व्यवस्था की बेरुखी का भी परिणाम है। त्रिभुवन चौहान ने बताया कि हमने पैदल चलकर धराली की मिट्टी में दर्द महसूस किया। आपदा में चयनित ऑफिसर में कौन मौजूद है धरातल पर पता करें, वहां के लोगों ने हमसे सिर्फ मदद नहीं मांगी, उन्होंने इंसानियत मांगी, जो उन्हें शासन-प्रशासन से नहीं मिली। सबसे बड़ा एक लाख का बजट बनाने वाली धामी सरकार इतनी लाचार हो गई कि अनुदान मांगना पड़ रहा हो, अगर सच्चाई इतनी कड़वी है कि सरकार उसे छुपाना चाहती है, तो हमारी जिम्मेदारी है कि हम उसे जनता तक पहुंचाएं। सैनिक प्रकोष्ठ अध्यक्ष कर्नल कैलाश देवरानी ने कहा कि एक सैनिक के लिए यह सिर्फ राहत अभियान नहीं था, यह कर्तव्य था। हमारी टीम ने जोखिम उठाकर धराली पहुंचकर लोगों को सहारा दिया। पर सच यह है कि हालात किसी भी आधिकारिक बयान से कई गुना बदत्तर थे। पत्रकार वार्ता में मोर्चा के प्रदेश सैनिक प्रकोष्ठ के महासचिव राजेंद्र भट्ट, कोषाध्यक्ष चित्रपाल सजवाण, सैनिक प्रकोष्ठ देहरादून महानगर के अध्यक्ष पूरण रावत मौजूद थे।

### एसटीएफ की कार्यवाहीः दो करोड़ की... ◀◀ पृष्ठ 2 का शेष

पोर्टल पर मनीदीप सरकार उपरोक्त नाम के व्यक्ति का विवरण संरक्षित है, जिसके जांच से उक्त नाम पते के व्यक्ति को थाना स्पेशल सैल दिल्ली में दर्ज एफआईआर में गिरफ्तार कर 27 सितम्बर 2024 को सैन्ट्रल जेल तिहाड दिल्ली में न्यायिक अभिरक्षा में निरूद्ध किया गया, आरोपी मनीदीप सरकार उपरोक्त थाना पर दर्ज मुकदमें में प्रकाश में आया जिस कारण मुकदमें में उक्त आरोपी का रिमाण्ड प्राप्त किये जाने हेतु न्यायालय जेएम प्रथम देहरादून से वारण्ट-बी प्राप्त किया गया। इसी क्रम में आरोपी मनीदीप सरकार को दिल्ली पुलिस, सैन्ट्रल जेल तिहाड से न्यायालय में उपस्थित लेकर आयी और अग्रिम जांच कार्यवाही की गई। आरोपी द्वारा पीडित को फाइनेसियल गेम डब्लू-1 नामक व्हाटसएप ग्रुप में जोडा जाता था व शेयर मार्केट के सम्बध मे जानकारी देकर लिंक भेजकर अपने आपको वीयाका एक्चेंज वेबसाईट का कर्मचारी बताकर तथा एक अन्य ग्रुप ईजी-जूनियर ग्रुप वी। में जोडकर क्रिप्टो करेंसी में निवेश करने व अधिक लाभ कमाने का प्रलोभन देकर भिन्न भिन्न लेन देन के माध्यम से कुल 2 करोड 67 लाख 20 हजार रुपये की साइबर धोखाधडी की गयी। प्रारम्भिक पूछताछ में आरोपी ने साईबर अपराध हेतु जिस बैंक खातों का प्रयोग किया गया है उसमें मात्र कुछ माह में ही करोडो रूपयों का लेन-देन होना प्रकाश में आया है। जाँच में यह भी प्रकाश में आया है कि आरोपियों के विरुद्ध देश के कई राज्यों में साईबर अपराधों में एफआईआर व अन्य शिकायतें दर्ज हैं। जिसके सम्बन्ध में जानकारी हेतु अन्य राज्यों की पुलिस के साथ संपर्क किया जा रहा है।

## कांग्रेस सेवा दल ने 'वोट चोर गद्दी छोड़' संदेश के साथ रखा मौन उपवास

संवाददाता

देहरादून। 'वोट चोर गद्दी छोड' संदेश के साथ कांग्रेस सेवाल दल ने अम्बेडकर पार्क में एक घंटा मौन उपवास रखा।

आज यहां कांग्रेस सेवादल के पदाधिकारी और कार्यकर्ता एवं कांग्रेस पार्टी के पदाधिकारी और कार्यकर्ता कांग्रेस जन मानस डॉ भीमराव अंबेडकर संविधान निर्माता की मूर्ति घंटाघर पर एकत्र हुए और मोन उपवास रखा गया। मोन उपवास संदेश देते हुए मन मोहन शर्मा ने बताया कि आज प्रातः 12 बजे से लेकर एक बजे तक एक घंटे का मौन उपवास रखा गया।




मनमोहन शर्मा ने अपने संदेश में बताया कि राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़के और लोकसभा सांसद प्रतिपक्ष नेता राहुल गांधी और श्रीमती प्रियंका गांधी वाड्रा सांसद की आवाज को दबाने की कोशिश की जा रही है और उन्होंने महाराष्ट्र के चुनाव की वोट चोरी को पूरे हिंदुस्तान के समक्ष लाकर जन मानस को प्रधानमंत्री कि असत्यता से अवगत कराया है। चुनाव आयोग को पूर्ण डाटा दर्शाया है की वोटो की चोरी हुई और चोरी होने के उपरांत चोरी से राष्ट्र में सरकार बनाई। कांग्रेस ने एक मत में संदेश देते हुए कहा कि अगर लोकसभा सांसद प्रतिपक्ष नेता की बात को अगर सरकार नहीं सुनती तो सभी कांग्रेस जन आंदोलन करेंगे। आज शांति में मौन उपवास रखा गया है। जिससे सरकार कांग्रेस सेवा दल उत्तराखंड के नेतृत्व में हुए मोन उपवास को समझ कर राष्ट्रीय पूर्व अध्यक्ष लोकसभा सांसद प्रतिपक्ष नेता राहुल गांधी के द्वारा मांगे जा रहे संपूर्ण डाटा को जल्द से जल्द उपलब्ध कराने की कोशिश की जाए जिससे दूध का दूध पानी का पानी हो और जनमानस के सामने आए। सत्यता का जन्म मानस को पता चल सके पूर्व महानगर अध्यक्ष लालचंद शर्मा ने कहा हम सब कांग्रेस जन राहुल गांधी के साथ हैं और राहुल गांधी के हाथों को हम मजबूत करेंगे और कांग्रेस सेवा दल ने जिस प्रकार से मोन उपवास रखा है यह सराहनीय कार्य और ऐसे कार्य हैं होने चाहिए। पूर्व विधायक राजकुमार ने अपने संदेश में कहा कि आज कांग्रेस को एकजुट होने की जरूरत है। कांग्रेस बहुत बड़ी पार्टी है और जनमानस के लिए कार्य कर रही है। इस मोन उपवास में मनमोहन शर्मा अतिरिक्त मुख्य संगठक उपाध्यक्ष पूर्व महानगर अध्यक्ष लालचंद शर्मा, पूर्व विधायक राजकुमार, शीला श्रीवास्तव, सावित्री थापा, पियूष गौड, संदीप धूलिया, मोहम्मद अख्तर, सुनीता धारिया, गोपाल सिंह गढ़िया, मंजू चौहान, अशोक मल्होत्रा, प्रवक्ता अर्जुन सोनकर, पार्षद राजेंद्र प्रसाद, आशा, सुनील बांगा, व्यापार प्रकोष्ठ अध्यक्ष सुरेश चंद, शिव कुमार, सोम प्रकाश वाल्मीकि, प्रमोद कुमार गुप्ता, अनुराग कपूर, सावित्री, संजीव मौन व्रत में शामिल रहे।

## दीवार गिरने से शिक्षिका की मौत

देहरादून (सं)। दीवार गिरने से शिक्षिका की मौत हो गयी। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार आज थाना नेहरू कालोनी पुलिस को कंट्रोल रूम से सूचना मिली कि अजबपुर खुर्द में पार्क की दीवार गिरने से पार्क में वॉक कर रही एक महिला गम्भीर रूप से घायल हो गयी। सूचना मिलते ही पुलिस बल तत्काल मौके पर पहुंचा और सरकारी वाहन से घायल महिला को स्थानीय चिकित्सालय में भर्ती कराया जहां उपचार के दौरान उसकी मृत्यु हो गयी। मृतक महिला राजकीय प्राथमिक विद्यालय में शिक्षिका थी। मृतक का नाम विजयलक्ष्मी पत्नी महेंद्र सिंह निवासी न्यू फ्रेंडस कालोनी अजबपुर की निवासी थी।

## बीडीसी सदस्य के अपहरण से मचा हंगामा

हमारे संवाददाता



नैनीताल। कोटाबाग ब्लॉक के छड़ा से निर्वाचित क्षेत्र पंचायत सदस्य कमल भट्ट के कथित अपहरण के मामले से क्षेत्र में राजनीतिक माहौल गरमा दिया। इसके चलते देर रात तक थाना परिसर में हंगामा होता रहा। इस दौरान भाजपा और कांग्रेस समर्थक एक-दूसरे पर आरोप-प्रत्यारोप लगाते हुए आमने- सामने आ गए।

जानकारी के अनुसार कमल भट्ट के चाचा विपिन भट्ट ने थाने में तहरीर देकर आरोप लगाया था कि उनके भतीजे ने हालिया चुनाव में भाजपा प्रत्याशी को समर्थन दिया था। इसी कारण चकलुवा निवासी परविंदर सिंह और गेबुआ निवासी संजय बिष्ट ने उनके भतीजे का अपहरण कर लिया है। मामला सामने आने के बाद भाजपा और कांग्रेस के कार्यकर्ता बड़ी संख्या में थाने पहुंच गए। दोनों दलों के समर्थकों के बीच आरोप-प्रत्यारोप का दौर देर रात तक चलता रहा, जिससे माहौल तनावपूर्ण बना रहा। एसओ विजय मेहता ने बताया कि मामले में नामजद मुकदमा दर्ज कर लिया गया है और पुलिस हर पहलू पर जांच कर रही है। उन्होंने दावा किया कि शीघ्र ही मामले का खुलासा कर दिया जाएगा और अपहृत को सुरक्षित बरामद कर लिया जाएगा।

## एनसीसी कैडेट्स को दिया जा रहा है उच्च श्रेणी का प्रशिक्षण

हमारे संवाददाता

हरिद्वार। 84 उत्तराखंड बटालियन एनसीसी, रुड़की के तत्वाधान में फोनिक्स विश्वविद्यालय, रुड़की में दिनांक 7अगस्त 2025 से संचालित प्री थल सेना शिविर प्रथम के छठवें दिन उत्तराखंड राज्य के चयनित कैडेट्स को सैन्य प्रशिक्षको द्वारा विशेष रूप से ड्रिल व टेंट पिचिंग इत्यादि का प्रशिक्षण दिया जा रहा है और अन्य सिविल व आर्मी प्रशिक्षकों द्वारा हेल्थ एंड हाइजीन विषय पर प्रतियोगिता हेतु तैयारी कराई जा रही है, प्रशिक्षण के उपरांत चयनित कैडेट्स 1 सितंबर से नई दिल्ली में आयोजित होने वाले ऑल इंडिया थल सेना शिविर में प्रतिभाग करेंगे।



इस अवसर पर कैंप कमांडेंट लेफ्टिनेंट कर्नल अमन कुमार सिंह द्वारा कैडेट्स के इस जस्बे को भरपूर सराहा गया व उनके उज्जवल भविष्य हेतु उन्हें आशीर्वाद दिया गया।

आज कैडेट्स को प्रैक्टिस करते देखने आए फोनिक्स विश्वविद्यालय के डायरेक्टर जनरल संजय जैन, डायरेक्टर एकेडमिक्स डॉ भुवनेंद्र चौधरी, डीन एकेडमिक्स संग्राम बाना, कुलसचिव डॉ अमित गौतम द्वारा कैडेट्स की भरपूर हौसला अफजाई की गई।

कैडेट्स को ट्रेनिंग देने की जिम्मेदारी अकाउंट ऑफिसर संतोष कुमार भट्ट, सूबेदार मेजर अमर सिंह, सूबेदार पंकज पाल, बीएचएम केशवानंद, ईएसएम सुरेश कुमार, ईएसएम सत्येंद्र सिंह, कार्यालय अधीक्षक प्रशिक्षण रवि कपूर, वरिष्ठ सहायक सुरेश अवस्थी, जीसीआई किरण बिहानिया, डीईओ मीनाक्षी, संदीप बुढ़ाकोटी, धर्म सिंह, सुनील भाई, सुभाष, राजवीर, लोकेंद्र, रविंदर, राकेश आदि द्वारा भरपूर निभाई जा रही है।

# धर्मांतरण कानून और सख्त होगा

## ❑धामी की कैबिनेट ने 26 प्रस्तावों पर लगाई मोहर

विशेष संवाददाता

देहरादून। उत्तराखंड सरकार धर्म परिवर्तन जैसी समस्याओं से निपटने और वन भूमि के संरक्षण के दिए और अधिक कड़े कानून लागू करने जा रही है। आज सीएम धामी की अध्यक्षता में संपन्न हुई कैबिनेट बैठक में वनीकरण निधि प्रबंधन संशोधन एक्ट तथा धर्मांतरण कानून में संशोधन और सूचना प्रौद्योगिकी 2025 की नई नियमावली सहित कुल 26 प्रस्तावों पर स्वीकृति की मोहर लगा दी गई है।

सचिवालय में आज आयोजित हुई इस बैठक में धर्मांतरण कानून को और अधिक सख्त बनाने का निर्णय लेते हुए धार्मिक स्वतंत्रता अधिनियम में संशोधन को मंजूरी दे दी गई है।

उल्लेखनीय है कि सरकार द्वारा 2023 में ही धर्मांतरण कानून लाया गया था। जिसमें धर्मांतरण रोकने के सख्त प्रावधान किए गए थे लेकिन राज्य में बढ़ते धर्मांतरण के मामले और डेमोग्राफी चेंज के खतरे को देखते हुए इसमें संशोधन कर और कड़े प्रावधान करने का मन बना दिया गया है तथा इसमें गैंगस्टर एक्ट जैसी धाराओं में कार्यवाही तथा सजा की अवधि बढ़ाने का प्रावधान किया जा सकता है। वही वन भूमि पर बढ़ते अतिक्रमण की समस्या से निपटने के लिए वनीकरण अधिनियमें में संशोधन के प्रस्ताव पर कैबिनेट ने अपनी सहमति की मोहर लगा दी है। फॉरेस्ट विभाग द्वारा अपनी बाउंड्री वॉल की सेफ्टी के लिए वन विभाग की टीमे सर्वे करेगी और जिन क्षेत्रों में अतिक्रमण किया गया है उसे हटाया जाएगा तथा अतिक्रमण करने वालों के खिलाफ कार्यवाही भी की जाएगी।



●वन विभाग अपनी जमीनों का करेगा सर्वे
●अग्निवीरों को 10 फीसदी क्षैतिज आरक्षण
●सूचना प्रौद्योगिकी 2025 की नियमावली को मंजूरी

उधर सरकार द्वारा अग्नि वीरों के लिए सरकारी सेवाओं में 10 फीसदी क्षैतिज आरक्षण की व्यवस्था को अपनी मंजूरी दे दी गई है। अग्नि वीरों को समूह ग के अंतर्गत होने वाली बावर्दी सेवाओं में यह आरक्षण का लाभ दिया जाएगा। अग्नि वीरों को इस प्रक्रिया के तहत आयु सीमा में छूट दी जाएगी। जो अग्नि वीरों के रूप में उनके द्वारा की गई सेवा काल के बराबर होगी। आज की कैबिनेट बैठक में इसके अलावा सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम 2025 की नई नियमावली पर भी अपनी स्वीकृति की मोहर लगा दी गई है। बैठक में कुल 26 प्रस्तावों को आज कैबिनेट ने अपनी मंजूरी प्रदान की है।

# सीएम ने आवास में फहराया तिरंगा



कार्यालय संवाददाता

देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने बुधवार को मुख्यमंत्री आवास में 'हर घर तिरंगा' अभियान के अंतर्गत तिरंगा फहराया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की प्रेरणा से प्रारंभ हुआ 'हर घर तिरंगा' अभियान आज जन-जन तक पहुंचकर राष्ट्रभक्ति का एक महाअभियान बन चुका है। तिरंगा हमारी स्वतंत्रता, एकता और समृद्ध सांस्कृतिक धरोहर का जीवंत प्रतीक है।

मुख्यमंत्री ने प्रदेशवासियों से अपील की कि इस स्वतंत्रता दिवस पर सभी अपने घर, कार्यालय, दुकान आदि पर तिरंगा गर्व और सम्मान के साथ फहराएं तथा देश की स्वतंत्रता के लिए बलिदान देने वाले वीर सेनानियों को नमन करें। साथ ही तिरंगे के साथ अपनी फोटो लेकर harghartiranga-com पर अवश्य साझा करें।

# शादी का झांसा देकर युवती के साथ दुष्कर्म करने वाला गिरफ्तार

संवाददाता

देहरादून। शादी का झांसा देकर युवती से दुष्कर्म करने वाले को पुलिस ने गिरफ्तार कर उसके खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उसको न्यायिक में पेश किया जहां से उसको न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार विकासनगर निवासी एक युवती द्वारा थाना विकासनगर पर आकर शिकायत दर्ज करायी कि उसकी जान पहचान 08 वर्ष पहले जुनैद पुत्र शहीद शाह निवासी ग्राम ढकरानी थाना विकासनगर देहरादून से हुई थी, जिसके द्वारा पिछले 06 वर्षो से उसे शादी का झांसा देकर उसके साथ शारीरिक सम्बन्ध बनाये गये तथा गर्भवती होने पर 01 अगस्त 2025 को उसके द्वारा अस्पताल ढकरानी मे बच्ची को जन्म दिया था, जिसे डॉक्टरों द्वारा मृत घोषित कर दिया था। प्रार्थना पत्र में पीड़िता द्वारा विपक्षी जुनैद पर धर्म परिवर्तन का दबाव बनाने सम्बन्धित आरोप भी अंकित किये गये थे। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी। घटना की गंभीरता के दृष्टिगत एसएसपी अजय सिंह द्वारा आरोपी की गिरफ्तारी हेतु टीम गठित की गई। गठित टीम द्वारा सुरागरसी पतारसी करते हुए जुनैद पुत्र शहीद को आज चौकी बाजार विकासनगर के पास से गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने उसको न्यायालय में पेश किया जहां से उसको न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया।

# 14 लाख रुपये की ठगी का शिकार हुए पीड़ित के पैसे वापस दिलवाये

हमारे संवाददाता

हरिद्वार। 14 लाख रूपये की साइबर ठगी का शिकार हुए पीड़ित की धनराशि पुलिस की साइबर सेल यूनिट द्वारा वापस करवा दी गयी है।

जानकारी के अनुसार बीते वर्ष 27 अगस्त को सुमित निवासी सुनारों वाली गली बहादराबाद ने थाना बहादराबाद आकर तहरीर दी कि साइबर ठगों द्वारा उनसे ऑनलाइन निवेश का झांसा देकर हाईबॉक्स अर्निंग एप्प के जरिए धोखाधड़ी कर ली गई है। जिसमें उनके एवं उनकी माताजी के खाते से 14 लाख रुपए की धनराशि उड़ा दी गई है। मामले में संज्ञान लेते हुए वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश पर थाना बहादराबाद में मुकदमा दर्ज कर जांच साइबर सेल को सौंप दी गयी। जांच के दौरान साइबर सेल टीम द्वारा मात्र ट्रांजेक्शन आईडी के आधार पर संबंधित पेमेंट गेटवे एवं खाता खोज निकाल लिए गए। साइबर सेल



द्वारा उक्त खातों को तत्काल फ्रीज करा दिया गया। परंतु साइबर ठगों द्वारा खाते फ्रीज किए जाने से पूर्व ही से उक्त धनराशि अन्य अज्ञात खातों में जमा कर दी गई। जिन खातों के संबंध में जानकारी पेमेंट गेटवे द्वारा भी उपलब्ध नहीं कराई जा सकी। जिसपर साइबर एवं थाने की संयुक्त टीम द्वारा संदिग्ध खातों से लिंक जीएसटी नंबर ट्रैक कर लिए गए। जिनके आधार पर संदिग्ध बैंक खातों को ढूंढ निकाल लिया गया एवं धनराशि को तुरंत होल्ड कर दिया गया। साइबर सेल द्वारा संदिग्ध खातों एवं धनराशि की सम्पूर्ण जानकारी जांच अधिकारी को उपलब्ध कराई गई। जिसके पश्चात विधिक कार्यवाही के जरिए साइबर सेल हरिद्वार एवं थाना बहादराबाद की संयुक्त टीम द्वारा धोखाधड़ी से संबंधित धनराशि पीड़ित परिवार के खाते में वापस लौटा दी गई। ठगी जमापूंजी को पुनः वापस पाकर पीड़ित परिवार द्वारा पुलिस का धन्यवाद किया गया है।

# खुली 17 नई सस्ता गल्ला राशन दुकान, 12 दुकानों के निकाले टेंडर

संवाददाता

देहरादून। जिलाधिकारी सविन बसंल के प्रयास से जनपद में 17 नई सस्ता गल्ला राशन की दुकानें खुलवा दी तथा 12 नई दुकानों के लिए टेंडर निकाल दिये।

आज यहां जिलाधिकारी सविन बसंल जिला पूर्ति कार्यालय में सरकारी सस्ते गल्ले की नई दुकानों के लिए प्रस्तावित दबी फाईल को निकालते हुए टैण्डर प्रक्रिया जारी कर दी है। जनमानस को भीड़ में लगकर एक ही दुकान से राशन लेने को मजबूर थे, जिलाधिकारी नई सस्ता गल्ला की राशन दुकानों के लिए टेण्डर करने के निर्देश दिए। विभिन्न नगर निगम/नगर पालिका क्षेत्रान्तर्गत नई



सरकारी सस्ता गल्ले की दुकानों के आंवटन हेतु पोर्टल पर ऑनलाईन आवेदन आमंत्रित किये थे जिसके क्रम में 17 नई सस्ते गल्ले राशन की दुकानें खुल गई हैं तथा 12 नई दुकानों के लिए टेण्डर आमंत्रित किए गए हैं।

जिलाधिकारी ने वर्षों से प्रस्तावित नई सस्ता गल्ला राशन की दुकानों की पत्रावली बाहर निकाली जिसका नतीजा यह निकला की 17 दुकाने खुल गई हैं तथा शेष दुकानों के लिए आवेदन आमन्त्रित किए गए हैं। जनपद देहरादून के शहरी क्षेत्रों में उचित दर विक्रेताओं की मृत्यु/त्याग पत्र दिये जाने तथा आबादी में वृद्धि होने, शहर में विद्यमान उचित दर दुकानों पर राशन कार्ड उपभोक्ताओं का भार बढ़ने व सार्वजनिक वितरण प्रणाली व्यवस्था को सुदृढ करने तथा जनमानस की सुलभता के दृष्टिगत नई उचित दर की दुकानों के आंवटन हेतु जिला प्रशासन द्वारा प्रेस विज्ञाप्ति जारी की गई। जिसके क्रम में इन्वेस्ट उत्तराखण्ड पोर्टल के माध्यम से ऑनलाईन आवेदित आवेदनों पर नये उचित दर विक्रेताओं के चयन हेतु चयन समिति की संस्तुति के आधार पर जिला प्रशासन द्वारा जनपद के विभिन्न शहरी क्षेत्रों मौहल्लों 17 उचित दर विक्रेताओं को दुकान आवंटित की गई है।

अब जिला प्रशासन द्वारा 12 नई दुकानों के लिए आवेदन आमंत्रित किए गए हैं जिनमें नगर निगम देहरादून अन्तर्गत डालनवाला क्षेत्र दून विहार जाखन, कनाटप्लेस चुक्खुवाला, मियावाला क्षेत्र बालावाला, मोहकमपुर, ब्रहमणवाला, रायपुर प्रथम डांडा लखौण्ड (खुदानेवाला), नगर पालिका मसूरी अन्तर्गत बार्लोगंज, नगर निगम ऋषिकेश अन्तर्गत अम्बेडकर चौक, अद्वैतानन्द मार्ग, मुखर्जी चौक, इन्द्रा नगर, आशुतोष नगर राशन दुकानों के लिए टेण्डर आमंत्रित किए गए हैं।

आर.एन.आई.- 59626/94

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक श्रीमती पुष्पा कांति कुमार द्वारा दिग्विजय सिनेमा बिल्डिंग घंटाघर, देहरादून से प्रकाशित तथा अवि प्रिंटर्स 21 ईसी रोड, देहरादून से मुद्रित।

*प्रधान संपादक*
**कांति कुमार**

*संपादक*
**पुष्पा कांति कुमार**

*समाचार संपादक*
**आनंद कांति कुमार**

कानूनी सलाहकारः
वी के अरोड़ा, एडवोकेट
बैजनाथ, एडवोकेट

कार्यालयः दिग्विजय सिनेमा बिल्डिंग देहरादून।
मो. 9358134808

*नोटः सभी विवादों के लिये देहरादून न्यायालय ही मान्य होगा, प्रकाशित सामग्री के लिए प्रिंटर्स की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।*